तापमान
अधिकतम 40.4 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 16 मई 2024

सतनामी समाज के लोगों ने सतनाम भवन में की बैठक 11



उपमुख्यमंत्री विजय ने मचांदुर पंचायत की ली जानकारी 11








## जिले में बढ़ता सायबर क्राइम, गूगल को आईजी गर्ग ने लिखा पत्र

# गूगल के पेजों पर फर्जी कस्टमर केयर नंबर, ठगे जा रहे हैं लोग

### बैंक, बीमा कंपनी, यूपीआई, गैस एजेंसियों में सायबर प्रहरी अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग जिले में सायबर क्राइम के अपराध लगातार बढ़ रहे है। गूगल पेजों पर फर्जी कस्टमर केयर नंबर के चलते कई लोग ठगी के शिकार हुए है। मौजूदा हालात को देखते हुए आईजी राम गोपाल गर्ग ने गूगल के नोडल अधिकारी को पत्र लिखा है।

हरिभूमि सरोकार





### इन संस्थानों से हो रहे है ठगी

जिसमे गूगल सर्च पेजों पर दिखने वाले नंबर फर्जी होने से लोग ठगी के शिकार होते है। आईजी ने पत्र के माध्यम से कहा कि विभिन्न साइबर अपराध करने वाले ठग गूगल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते है। जिसमें प्रमुख बैंकों, बीमा कंपनियों, होटलों, वॉलेट्स, यूपीआई, गैस एजेंसियों, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं के कस्टमर केयर नंबरों को अपडेट करने के नाम से लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं।

### जागरुक बने लोग

आईजी रामगोपाल गर्ग ने आम जनता से भी अपील की है कि बढ़ते सायबर अपराधो के प्रति जागरूक होने के लिए 'साइबर प्रहरी' अभियान से अधिक से अधिक लोग जुड़े। , जिसमे रोज नए होने वाले साइबर अपराधों के बारे में बता कर। सायबर ठगी के नए पैटर्न को समझाकर बचने सुरक्षित रहने के महत्पूर्ण जानकारी दी जाती है। सायबर अपराधों पर सतर्कता, जागरूकता से ही लगाम लगाई जा सकती है।

### सायबर क्राइम में हुए ठगी के ऐसे मामले

- ऑनलाइन लोन के नाम जामुल निवासी महिला आईएएस ठगी का शिकायत हुई। केस दर्ज है। आरोपी तक पुलिस नहीं पहुंच पाई।
- पुरानी भिलाई निवासी पाठक परिवार से 29 हजार से ऑनलाइन ठगी हुई। ठग ने उज्जैन के एक खाते में पैसे ट्रांसफर करवाए।
- भिलाई के सेक्टर 6, स्ट्रीट 59 निवासी जोजी चेरियन बीमा एजेंट को 1490 रुपए रिफंड करने का झांसा देकर खाते से उड़ा लिए 69 हजार रुपए।
- सेक्टर-9 अस्पताल के टेक्नीशियन से बीमा कंपनी और मोबाइल कंपनी का कर्मचारी बनकर दो साइबर ठग ने खाली जमीन पर टावर लगाने के नाम पर 8 .82 लाख रुपए की ठगी कर दी।
- स्मृति नगर निवासी 25 वर्षीय मयूरेश को 3 दिनों में बड़ी कंपनी में इंजीनियर की जॉब दिलाने के नाम पर बैंक और वॉलेट से 62,500 रुपए जमा करवा लिए।
- कोरोना लॉकडाउन में रिटायर्ड बीएसपी कर्मचारी ऑनलाइन ठगी के शिकार हो गए। ठग ने एसबीआई बैंक मैनेजर बनकर बुजुर्ग को कॉल किया। ठग ने बुजुर्ग के खाते से 2 लाख 78 हजार रुपए पार कर दिए।
- सेक्टर-10 च्वाइस सेंटर व ऑनलाइन विमान टिकट दुकान का संचालक 1 लाख 30 हजार रुपए ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया।

### ज्यादातर विज्ञापन फर्जी

पुलिस सूत्रों के मुताबिक अधिकांश विज्ञापन का उपयोग कर ठगी का कारोबार चल रहे है। सर्च परिणामों में फर्जी नंबर सबसे ऊपर दिखें। उपयोगकर्ता सर्च परिणामों पर भरोसा करते हैं, वे इन फर्जी नंबरों को असली कस्टमर केयर नंबर मान लेते हैं। अपनी संवेदनशील और गोपनीय जानकारी प्रदाय कर ठगी करने वालो के जाल में फसते चले जाते है। आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के माध्यम से कहा कि इस प्रकार की ठगी गतिविधियों से समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए। आवश्यक सभी कदम उठाना महत्वपूर्ण है। जिससे नागरिकों को इस तरह की ठगी से बचाया जा सके। गूगल से भी इस विषय पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करने, कार्रवाई को लेकर जानकारी प्रदाय करने को लिखा गया है।

## खबर संक्षेप

### बोलेरो से सामान पार

**भिलाई।** घर के सामने खडी बोलरे से सामान पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 37 शीतला मंदिर के सामने कैम्प 2 निवासी नरेन्द्र वाडेकर पुराना स्क्रैप टायर, ट्यूब फेरीकर खरीदी बेचने का काम करता है। 14 मई को पुराना स्क्रैप टायर, टयूब फेरी कर खरीदकर अपनी बोलेरो महेन्द्रा पिकअप वाहन के पीछे में रखा हुआ था। वाहन को अपने घर के सामने ही रखा हुआ था। अगले दिन सुबह 4 बजे उठकर पीडित ने चेक किया तो अज्ञात ने पुराना टायर, स्टेपनी 5 नग, पुराना टायर 709 गाडी चोरी हो गया।

### गुंडा-बदमाश संतोष जिलाबदर

**भिलाई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा गुण्डा बदमाश संतोष झा के अपराधिक आचरण,प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने,आम जनता में अमन-चैन, कानून शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार चौहान टाउन, ए-2/24 जुनवानी निवासी संतोष झा को राजस्व जिला दुर्ग और सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी जिला की सीमाओं से एक सप्ताह के भीतर हटने और बाहर रहने को कहा गया है। बदमाश संतोष को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश मना है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी के खिलाफ थाना दुर्ग में मार-पीट, लोगों को गंदी-गंदी गाली-गलौच कर लोगों को जान से मारने की धमकी, आसमाजिक तत्वों के साथ मिलकर मोहल्ले में अशांति, अव्यवस्था फैलाने को लेकर कई अपराध कायम है। आरोपी को न्यायालय द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने पर उसके द्वारा जिला बदर प्रकरण से मुक्त किये जाने का निवेदन किया गया। जिस पर बदमाश संतोष को अभियोजन साक्ष्यों के प्रतिरक्षण का अवसर प्रदान किये जाने के बाद उसके द्वारा प्रकरण सुनवाई तिथियों में अनुपस्थित रहा।

# सेल्फी के चक्कर में गिरा, मौत

### 15 फीट ऊपर से ले रहा था सेल्फी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

काम कर रहे मजदूर ने 15 फीट ऊपर सेल्फी लेने के दौरान गिरने से मौत हो गई।

- जामुल पुलिस ने शुरू की जांच, मृतक के तीन बच्चे

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि नवा तरिया सरिया वाशिंग चौक में स्थित अजीत मैटालिक नामक कंपनी में बबलू प्रसाद काम करता था। बबलू हेल्पर के पद पर कार्यरत था। तीन वर्षो से इसी कंपनी में काम कर रहा था। कंपनी में कुछ काम चल रहा था। बबलू को 15 फिट की ऊंचाई पर चढ़कर काम करवा जा रहा था। बबलू वहां चढ़कर सेल्फी लेने और वीडियो बना रहा था। तभी अचानक बबलू गिर पड़ा। बबलू को शरीर में कई जगह चोटे आई।

जिसे देख कंपनी के अन्य मजदूर उसे बचाने के लिए दौडे लेकिन उसकी हालत गंभीर थी। जब उसे अस्पताल उपचार के लिए जाया गया तो डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के 3 बच्चे हैं। मृतक अजीत मेटालिक कंपनी के अंदर ही सरवेंट क्वार्टर में निवास करता था। पत्नी और बच्चों को आर्य नगर कोहका में आंगनबाड़ी के पास किराया का मकान लेकर रखा था। मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बाथरुम में गिरने से ड्राइवर की मौत

**भिलाई।** युवक अपने ससुराल में बेहोश होकर बाथरूम में गिरने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। खुर्सीपार निवासी दलजीत सिंह ड्राइवर है। वह 13 मई की रात गाड़ी चलाकर घर लौटा था। अपने 16 वर्षीय बेटे से मिलने के लिए ससुराल चला गया। अगले दिन सुबह जब वह उठा तो बाथरूम में ही बेहोश होकर गिर गया। परिजनों ने उसे उठाया और सेक्टर 9 अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया। जहां से उसे आईसीयू में रखकर उपचार कराया गया। लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शव को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पीएम के लिए लाया गया।

# ब्लेड से वार कर हत्या का प्रयास, सात साल की सजा

### दुर्ग कोर्ट का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ब्लेड से हमला कर हत्या का प्रयास मामले में जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी युवक को सात साल सश्रम कारावास की सजा दी है। एक हजार रुपए अर्थदंड भी देने होंगे। अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। आरोपी युवक इंदिरा नगर सुपेला निवासी चंदन साहू पिता रामभरोसा साहू 20 साल है। एक अन्य आरोपी सुनील सोनवानी को कोर्ट ने बरी कर दिया है। घटना 13 नवंबर 2020 की है। इंदिरानगर सुपेला निवासी प्रार्थी लल्लाराम साहू अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल में रात को अपने घर आ रहा था। तभी बोलबम किराना दुकान के पास भीड़ जमा थी। भीड़ को हटने के लिए कहा तो आरोपी युवक चंदन साहू के साथ विवाद हो गया। इस दौरान चंदन ने लल्लाराम के गले में ब्लेड से वार कर हत्या का प्रयास किया। बीचबचाव कर रहे युवक पुरूषोत्तम दास के अंगुली में भी चोटें आई।

# यूनिवर्सिटी ने जांची 11 लाख उत्तरपुस्तिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की वार्षिक परीक्षा 2023-24 की लगभग 11 लाख उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित हो चुकी है। विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक 17 परीक्षा परिणाम जारी किये जा चुके हैं। शेष परीक्षा परिणामों में से लगभग दो दर्जन से अधिक परीक्षा परिणाम अगले सप्ताह जारी होंगे। डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि 3 मई को समाप्त विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं लगातार विश्वविद्यालय पहुंच रही है। जिन्हें विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा मूल्यांकित कराया जा रहा है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव में अधिकांश शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों की ड्यूटी लगी होने के कारण परीक्षा उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन कार्य की गति थोड़ी धीमी हुई है। अब चुनाव सम्पन्न हो जाने के पश्चात मूल्यांकन कार्य में लगातार तेजी देखी जा रही है।छात्रहित में पहले स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की अंतिम वर्ष की कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी करने का विश्वविद्यालय प्रशासन प्रयास कर रहा है। मई माह के अंत तक अधिकां परीक्षा परिणाम जारी हो सकते है।

**सेमेस्टर परीक्षाएं कल से :** हेमचंद यूनिवर्सिटी की सेमेस्टर परीक्षाएं 46 परीक्षा केन्द्रों पर 17 मई से सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित होगी।

## हवा-तूफान सहन नहीं कर पाते होर्डिंग्स इसलिए यह एक्शन

# होर्डिंग्स स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी की होगी अब जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जल जनित बीमारियों के बचाव एवं वर्षाऋतु में वर्षा जल के जमाव को रोकने सहित बरसात में होने वाले परेशानियो से बचने के लिए आवश्यक तैयारियो के साथ ही आयुक्त ने विभिन्न कार्यो की समीक्षा की। जोन आयुक्त निगम क्षेत्र के भूमि एवं भवनों के छत पर लगाए गये होर्डिंग का स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी जांच कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। इसलिए यह जांच करवाई जा रही है कि हवा-तूफान को होर्डिंग्स कितना सहन कर पाते हैं ताकि घटना को रोका जा सके। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को वर्षा ऋतु के पूर्व निगम क्षेत्र में सभी आवश्यक तैयारियां करने को कहा। उन्होने क्षेत्र में चल रहे बड़े छोटे नालियों की सफाई कार्य की वार्डवार समीक्षा किए और कहा कि स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित कर लेवे कि कोई भी नाली चोंक न हो ताकि बरसाती पानी आसानी से गंतव्य की ओर आगे बह जाए और कही पर भी पानी का जमाव न हो। जलजनित डायरिया, पीलिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए आपूर्ति की जा रही पेयजल की जांच कर दूषित जल पाये जाने वाले क्षेत्र के आस-पास सफाई तथा घर-घर क्लोरिन टेबलेट का वितरण आवश्यक रूप से करें। आयुक्त ने जोन के इंजिनियर से लिकेज पेयजल पाईप लाईन की जांच कर उसे संधारित करवा कर रिपोर्ट गुगलशीट पे अपडेट करने के दिये गये अपने निर्देश के संदर्भ में जानना चाहा किन्तु गुगलशीट पर जानकारी अपडेट नहीं होने पर निगम के 12 सब इंजिनियरो को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।



### मौसम की मार बर्दाश्त करने की जांच

शहर में लगाये गये विज्ञापन होर्डिंग की क्षमता मौसम की मार हवा तूफान को बर्दास्त कर सकेगा कि नहीं इसकी जांच के लिए आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देश दिए है कि भूमि पर अथवा भवन के छत पर लगाये गये होर्डिंग का इंजिनियरों या आर्किटेक्ट से स्ट्रक्चर स्टेबिलिटी की जांच कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा है। ताकि बरसात के मौसम में चलने वाले तेज हवा, तूफान से संभावित दुर्घटना की आशंका से बचा जा सके। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, पेंशन योजना सहित जन शिकायत तथा कलेक्टर टी.एल. के प्रकरणो का समीक्षा किये। बैठक में अपर आयुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता एवं विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

हर उम्र के टेढ़-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का ईलाज सिर्फ 3 दिनों में




- बिना दर्द दांतों का संपूर्ण ईलाज
- हिलते हुए दांतों को ठीक करना
- फिक्स बत्तीसी लगाना, इम्पलांट द्वारा
- दांतों के बीच गैप बंद करना
- फिक्स दांत लगाना
- सिंगल सिटिंग रूट केनाल ट्रीटमेंट
- दांतो का पीलापन दूर करना एवं लेजर फिलिंग
- मसूड़ो से खून निकलने एवं बदबू का ईलाज (पायरिया)
- दांतों में तार लगाना
- सड़े हुए दांतों का इलाज
- मुँह के कम खुलने का ईलाज

ARHAM DENTAL CARE (Group of MDS)
समय :- सुबह 11 से 2, शाम 5 से 9 बजे तक रविवार सुबह 11 से 2 बजे तक
बाबा रामदेव मंदिर के पास, गंजपारा, दुर्ग
फोन नं.: 7000537010

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## आवश्यक सूचना

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय भिलाई में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती (ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
सतीश टॉवर, प्रथम तल, कमला मेडिकल के पास, सुपेला भिलाई
मो. 7987328736

## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
### पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

**नोट :-**
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही **25 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा | **3.** केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है | **5.** छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
6. **जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है |**
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं | कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें |

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक |**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक |**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्गः - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर

**खबर संक्षेप**

### मतगणना प्रशिक्षण 16 को बीआईटी में

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दुर्ग और बेमेतरा जिले के प्रशिक्षणार्थियों के लिए मतगणना प्रशिक्षण 16 मई को प्रातः 10 बजे से बीआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई है। मतगणना प्रशिक्षण सात चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी अनुसार पहला चरण प्रातः 10.30 बजे रिसोर्स पर्सन एनएलएमटी श्रीमती गीता दीवान द्वारा काउंटिंग प्लान एंड लॉजिस्टिक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दूसरा चरण प्रातः 11.30 बजे सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूपेश कुमार वर्मा द्वारा काउंटिंग प्रोसिजर ईवीएम एंड वीवीपैट के संबंध में तीसरा चरण अपरान्ह 12.30 बजे सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रश्मि वर्मा द्वारा काउंटिंग प्रोसिजर ईटीपीबीएस एंड पोस्टल बैलेट के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। चौथा चरण अपरान्ह 2.15 बजे वीवीपैट काउंटिंग डिमोंस्ट्रेशन, पांचवा चरण दोपहर 3 बजे इनकोर काउंटिंग, छठवां चरण अपरान्ह 4 बजे परिणाम घोषणा एवं सातवां चरण 4.30 बजे इंडेक्स कार्ड के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### डुंडेरा में अवैध कब्जा जोरों पर, कार्यवाही शून्य



**उतई।** नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 36 डुंडेरा में खाली जगहों में अतिक्रमण कर अवैध निर्माण का कार्य जोरो से चल रहा है,जिसकी शिकायत नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने दुर्ग कलेक्टर से की है।इस दौरान तरुण बंजारे ने बताया कि ग्राम डुंडेरा में कुछ महीनो से लगातार सड़क किनारे,साप्ताहिक बाजार स्थल सहित अन्य खाली जगहो को अतिक्रमण कर अवैध पक्का निर्माण किया जा रहा है कब्जा करने का सिलसिला बढ़ते जा रहा है,ग्रामीणों की सुविधा व आवागमन को देखते हुए उक्त कब्जो को तत्काल हटाने ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर को अवगत कराया गया है,ज्ञापन देने के दौरान ईश्वर साहू,लोमन सोनी,मोनू तिवारी उपस्थित थे।

# मिलरों को 41 लाख क्विंटल का डीओ जारी, उठाव नही, सूख रहा धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एकतरफ जहां जिले के मिलर कस्टम मिलिंग करने में रूचि नही दिखा रहे है, वही दूसरी तरफ दर्जनभर जिलो से भी धान उठाने के लिए डीओ जारी किया गया है। कस्टम मिलिंग की तरह मिलरों द्वारा अन्य जिलो से धान के उठाव में कोताही बरत रहे है। जिसके चलते समिति प्रबंधको को सूखत की चिंता सताने लगी है।

जानकारी अनुसार दूसरे जिलो से अब तक सवा दो लाख क्विंटल धान का उठाव नही हो पाया है। इस मामले में राज्य शासन द्वारा जिला प्रशासन को तत्काल धान उठाव कराने के निर्देश दिए गए है। जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के मिलरों को कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ गंडई छुईखदान, मोहला मानपुर चौकी, बालोद, बेमेतरा, मुंगेली, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, बिलासपुर और बलौदाबाजार के लिए 41 लाख क्विंटल धान उठाने डीओ जारी किया गया है। इसमें अब तक सवा दो लाख क्विंटल धान का उठाव नही किया गया है। जिसके चलते इन जिलो से लगातार उठाव के लिए दबाव बनाया जा रहा है। कस्टम मिलिंग के निर्देश में साफ उल्लेखनीय है कि, मार्च तक धान का उठाव हो जाना चाहिए। लेकिन अब तक उठाव नही होने से आगामी दिनों बारिश के चलते नुकसान का सामना करना पड सकता है।

## जिले में 151 राईस मिलर पंजीकृत, लेकिन कस्टम मिलिंग कमजोर

### कस्टम मिलिंग में भी पीछे

जानकारी अनुसार एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम के लिए मिलरों को 94 लाख क्विंटल का डीओ जारी किया गया है। जिसमें धान का उठाव 92 लाख क्विंटल किया गया है। कस्टम मिलिंग के शर्तो के अनुसार 67 फीसदी यानि 63 लाख क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन मिलरों ने अब तक सिर्फ 34 लाख क्विंटल चावल जमा किया है। धान के मुकाबले 53 फीसदी चावल जमा हुआ है। उल्लेखनीय है कि, पिछले साल भी समय पर जिले के मिलरों द्वारा चावल जमा नही किया गया था। जिसके कारण पैनाल्टी की भी कार्यवाही की गई थी।



**निर्देश दिए**

अन्य जिलो के लिए डीओ जारी किया गया है। शासन के निर्देश पर मिलरों को पन्द्रह दिन में उठाव के लिए सक्त निर्देश दिए गए है। अन्यथा कार्यवाही होगी।**-सीपी दीपांकर,** खाद्य नियंत्रक

### भारत छाप योजना पर फोकस

केन्द्र सरकार द्वारा बाजार में सस्ते दर पर चावल उपलब्ध कराने योजना लांच की गई है। जिसके तहत एफसीआई द्वारा मिलरों को बीस रूपए किलो में चावल उपलब्ध कराएगी। चावल की छंटाई यानि ब्रोकन अलग करने के बाद इसे पैकेट बनाकर बाजार में लोगों को 29 रूपए का (बीस किलो) का पैकेज तैयार कर बेचा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि, एफसीआई द्वारा मिलरों को डीओ भी जारी कर दिया गया है। लेकिन जिला प्रशासन को अब तक जानकारी उपलब्ध नही हो पाई है। यही कारण है कि मिलर कस्टम मिलिंग को छोड भारत छाप चावल पर फोकस कर रहे है।

## संक्रमण : स्वास्थ्य विभाग ने बंद करवाई तत्काल पाइप लाइन

# बोड़ेगांव में उल्टी-दस्त के मिले 40 मरीज, घर-घर बांट रहे दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के ग्राम बोड़ेगांव (ननकट्ठी) में उल्टी-दस्त के 40 से अधिक मरीज सामने आए है। आशंका जताई जा रही हैं कि, गांव में डायरिया का प्रकोप है। व्यापक संख्या में मरीज सामने आने के बद स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के होश उड गए है। बुधवार को प्रशासन की टीम द्वारा गांव में शिविर के जरिए लोगों को दवाईयां बांटी गई, वहीं जांच में करीब चालीस मरीजों के उल्टी दस्त से प्रभावित होने की रिपोर्ट सामने आई है। इसमें से एक मरीज को शंकराचार्य भिलाई अस्पताल भर्ती कराया गया है।

गांव में निरिक्षण करने पहुंचे अफसरों ने घरों में सफ्लाई होने वाले पेयजल पर रोक लगा दी है। अफसरों पाइप लाइन बदलने के निर्देश दिए है। इधर स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीम गठित कर दिया गया हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड निकुम के अनुसार 14 एवं 15 मई 2024 को ग्राम बोडेग़ांव के वार्ड नं. 11 में 40 उल्टी दस्त प्रकरण पाया गया। जिसमें से 1 को शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी में चिकित्सकीय उपचार हेतु भर्ती किया गया है। उक्त संक्रमित क्षेत्र में उल्टी दस्त के मिले मरीजो में से 39 मरीजों का घर पर चिकित्सकीय उपचार चल रहा है। अफसरों का दावा हैं कि, सभी स्वस्थ है और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम, के आदेशानुसार जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, डॉ. एसके मेश्राम, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉक्टर सीबीएस बंजारे, श्रीमती रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, बीपीएम धमधा राजेन्द्र वर्मा, सुपरवाईजर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित काम्बेट टीम के अन्य सदस्यों द्वारा संक्रमित क्षेत्र का दौरा किया गया।

**गांव में डायरिया फैलने की आशंका, विभाग ने लिया जायजा**



### चौबीस घंटे लगाई गई ड्यूटी

स्वास्थ्य विभाग के काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संक्रमित क्षेत्र का सर्वे किया जा चुका है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत निगरानी किये जाने निर्देशित किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में चौबीस घंटे ड्यूटी लगायी गयी है। स्वास्थ्य अमले द्वारा क्षेत्र का 50 घरों का भ्रमण किया जा चुका है। लोगों को 50 ओआर.एस.पैकेट, 700 जिंक, 250 मैट्रोनिडाजोल, 200 क्लोरिन टेबलेट वितरित किये गये है। ग्राम पंचायत सरपंच की सहायता से गांव में उल्टी दस्त होने की सूचना देने की मूनादी करायी जा रही है।

### संक्रमितों की संख्या बढ़ेगी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी.मेश्राम, ने बताया कि जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉक्टर सी.बी.एस.बंजारे, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, डॉ. एस.के. मेश्राम द्वारा चिकित्सिकीय टीम के साथ रवेलीडीह व बोड़ेगांव के क्षेत्र का मुआयना किया गया। साथ ही दोनो गांव के सरपंच को ग्राम बोड़ेगांव से रवेलीडीह पानी सप्लाई होने वाली पाईपलाईन तत्काल बंद कराने, पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर, हैंडपंप व अन्य साधन से किया जाने तथा गर्मी को देखते हुये पाईप लाईन को सुधार कार्य कराने की सलाह दी गई। वर्तमान मे उल्टी-दस्त के प्रभावित क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण पर है। बहरहाल गांव में शिविर के जरिए इलाज चल रह है। ऐसी आशंका है कि, मरीजों की संख्या बढ भी सकती है।

# काठमांडू में योगा कोच ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



प्रथम अंतरराष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप का आयोजन 11 मई से 13 मई के बीच भारत सरकार से मान्यता प्राप्त इंडियन यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा नेपाल की राजधानी काठमांडू में किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत देश के अनेक राज्यों व देश विदेश से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य भारत देश से पंकज यादव ने भी हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने भारत देश के लिए स्वर्ण पदक जीता है।

- शहर आगमन पर किया गया स्वागत, दी गई बधाई

### अखबार बेचने का भी करते थे काम

पंकज यादव अख़बार बेचकर लगातार संघर्ष करते हुए आगे बढ़े और उन्हें कई बार राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किया है। अभी वह वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के योगा कोच व जज है। सुराना कॉलेज में योग विभाग में सहायक प्राध्यापक पद के रूप में पदस्थ है तथा स्माइल योग संस्थान के संचालक और श्री रावतपूरा सरकार विश्वविद्यालय नया रायपुर पीएचडी स्कॉलर है। सुराना कॉलेज की प्राचार्या पूजा मल्होत्रा, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अजय लांजेवार सर व रावतपुर सरकार विश्वविद्यालय योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर केवल राम चक्रधारी व स्माइल योग संस्थान के समस्त सदस्यों ने बधाइयां दी है।

### किसानों को सहजता से मिल रहा खाद-बीज



**सेलूद।** सहकारी समिति सेलुद मे खरीफ सीजन 2024 के लिए किसान अभी से नगद खाद बीज को लेना प्रारम्भ कर दिये है समिति सेलुद द्वारा किसानो को कोई प्रकार की तकलीफ न हो इसका ध्यान रखते हुए ग्रामवार नगद खाद बीज का वितरण किया जा रहा है जिसमे सोमवार सेलुद मंगलवार चुनकट्टा व मुड़पार सेलुद गोदाम से बुधवार अचानकपुर गुरुवार ढोंर गोदाम से शुक्रवार पतोरा को पतोरा के गोदाम से दिया जा रहा है अभी तक 370किसानो द्वारा उठाओ कर लिया गया है अभी समिति मे सरना व राजेश्वरि बीज 30किलो 1020रु के दर पर उपलब्ध है इसी प्रकार यूरिया खाद 266.50रु डीएपी 1350रु पोटाश 1625रु सुपरफासफेट 470रु मे वितरण किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ पावर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना, छग, मप्र व पंजाब के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना का अध्ययन करने आई मध्यप्रदेश व पंजाब की टीमों ने योजना की भरपूर सराहना की हैं तथा इसे अपनी-अपनी विद्युत कंपनियों में लागू करने की मंशा जताई है। छत्तीसगढ़ पावर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में मध्यप्रदेश पावर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने इस योजना को कर्मचारी हित का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण माना। पंजाब पावर कार्पोरेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि इस योजना से उन्हें नई राह मिली है। तीनों राज्यों की बिजली कंपनियों व छत्तीसगढ़ की क्रियान्वयन एजेंसी के बीच एक एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए गए। जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के कैशलेस स्वास्थ्य योजना के मॉडल को मध्यप्रदेश तथा पंजाब में भी अपनाया जा सकता है।

- कर्मियों व पेंशनरों के हित में अभिनव कदम



इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार वर्मा तथा अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री विनोद कुमार अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से योजना की प्रस्तुति दी। मध्यप्रदेश से आई टीम ने कहा कि यह माडल सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलता देखना काफी सुखद है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की योजना के पीछे की गई मेहनत, शोध और सोच को अनुकरणीय बताया। मध्यप्रदेश पावर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना के बारे में हमने जितना सुना था यहाँ आकर उससे भी बेहतर पाया है। इस योजना को मध्यप्रदेश की पावर कंपनियों में लागू करने के लिए हमारा आत्म-विश्वास बढ़ा है। यह योजना बहुत प्रभावी है। पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन से आए डी.के. गोयल ने कहा कि पंजाब में इसी तरह की कैशलेस योजना लागू की गई थी पर वह सफल नहीं हो सकी थी। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रतिनिधि अमित मेहरोलिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्टेट कंपनी की स्वास्थ्य योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

# छापामारी : कामधेनु विवि में बिजली की चोरी, टीम ने थमाई आठ लाख की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अंजोरा स्थित श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विवि में ठेकेदार द्वारा बिजली चोरी किए जाने के सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है। वेटनरी कालेज में डीन के नाम पर पोल्ट्री फार्म के नाम पर लिए गए कनेक्शन से ठेकेदार द्वारा अवैध उपयोग किया जार रहा था। पोल्ट्री के लिए कनेक्शन से वहां कंट्रक्शन के कार्य किए जा रहे थे। बिजली कंपनी की विजिलेंस टीम ने यहां छापामार कार्यवाही कर करीब आठ लाख रूपए की पैनाल्टी लगाई है।

- बिजली कंपनी को ठेकेदार ने लगाए लाखों रूपए का चूना



कामधेनू विवि में इन दिनों लाखों रूपए के निर्माण कार्य किए जा रहे है। जिसके लिए ठेकेदारों द्वारा यहां सांठगांठ कर अवैध बिजली चलाए जाने की खबर सामने आई थी। शिकायत पर की गई छापेमार कार्यवाही में सही पाया गया। जांच में पता चला कि, पोल्ट्री फार्म के लिए डीन एपी तिवारी के नाम पर कनेक्शन लिया जाना पाया गया। लेकिन इसका कमर्शियल उपयोग ठेकेदार द्वारा कंट्रक्शन साइड में किया जा रहा था।

प्रत्येक टैरीफ में करीब आठ रूपए का डिफरेंस पाया गया। जानकारी अनुसार ठेकेदार द्वारा बिजली कंपनी टैरिफ बचाने के लिए वहां अवैध कनेक्शन चलाया जा रहा था। जानकारी अनुसार विवि में निर्माण कार्य सहायक अभियंता उल्लास अरविंद देशमुख के निगरानी में ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था। इस मामले में मुख्य अभियंता एम जामुलकर के निर्देश पर बिजली कंपनी की टीम ने मौके पर छापामार कार्यवाही की है। इस दौरान आठ लाख रूपए पैनाल्टी जमा करने का डिमांड पत्र जारी किया गया है।

समक्षः- श्रीमान सक्षम अधिकरी महोदय
जहां आवश्यक हो प्रस्तुत करे
**शपथ-पत्र**
**शपथकर्ताः-** मैं युगेश कुमार देवांगन पिता श्री गोवर्धन लाल निवासी मकान नंबर 450 वार्ड नंबर 19 विनायकपुर तह. जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूं :-
1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है
2. यह कि मेरे कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के अंकसूची मे मेरा नाम युगेश कुमार पिता गोवर्धन लाल दर्ज है ।
3. यह क्रि मेरे पेन कार्ड एवं आधार कार्ड मे मेरा नाम युगेश कुमार पिता गोवर्धन लाल देवांगन दर्ज है ।
4. यह कि युगेश कुमार पिता गोवर्धन लाल एवं युगेश कुमार पिता गोवर्धन लाल देवांगन मुझ शपथकर्ता का ही नाम है उक्त दोनो ही नाम से मुझे जाना पहचाना व पुकारा जाता है जिसके पुष्टि के लिये यह शपथपत्र प्रस्तुत है ।
शपथकर्ता
**सत्यापन :-** मैं सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा दिया गया शपथ-पत्र की सभी कंडिका मेरे स्वतः की जानकारी से सत्य एवं सही हैं, जिसे आज दिनांक 14.05.2024 को राजनांदगांव में अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।
**शपथकर्ता**
**युगेश कुमार**

**आम सूचना**
**मौजा ग्राम कुरूद की भूमि खसरा नं. 1029/2 के संबंध में**
यह आम सूचना जारी की जाती है कि मेरी पक्षकार श्रीमती ए. शिरीषा पति व्यंकटेश्वर राव उम्र 45 वर्ष पता बालाजी हास्टल के पास, कोहका, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के हक अधिकार में ग्राम कुरूद प.ह.नं. 00050 रा.नि. मं. कोहका में स्थित भूमि खसरा नं. 1029/2 रकबा 0.104 हे. भूमि जो वर्तमान में राजस्व अभिलेखों में हाशिम खान पिता हकीम खान के नाम पर दर्ज हुई है क्योंकि उक्त भूमि का विक्रय हाशिम खान के पक्ष में कुल कीमत 69,16,000/-रू. में किया गया था परन्तु विक्रय कीमत मेरे पक्षकार को प्राप्त नहीं हुई इसलिए उक्त विक्रय पत्र को रद्द करने हेतु एक व्यवहारवाद 20ए/2022 न्यायालय श्रीमान तृतीय अपर जिला न्यायाधीश दुर्ग में लंबित है और लंबित अवस्था में न्यायालय की अनुमति व जानकारी में लाये बिना श्रीमती शैला अरूण डोंगरवार ने दिनांक 14/12/2023 को वास्तविक कीमत से कम 56,05,875/-रू. में विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है जबकि ऐसा संव्यवहार न्यायालय में प्रकरण लंबित होने से अवैध व शून्य है इसलिए उक्त भूमि पर श्रीमती शैला अरूण डोंगरवार द्वारा किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि से विक्रय करने, बंधक रखने की कार्यवाही न की जावे क्योंकि वाद भूमि के स्वामित्व संबंधी विवाद न्यायालय में लंबित है जिसकी सुनवाई दिनांक 26/06/2024 को नियत है।
तदानुसार सूचना जाने।
दिनांक 14/05/2024
अधिवक्तागण
अमर चोपड़ा, सुनीता चोपड़ा
एच-7 आदर्श नगर-दुर्ग
मो. 98271-13412

## एसएमएस-3 में सीवी-2 कास्टर के जरिए हुई जांच

# ब्लूम कास्टिंग का हॉट परीक्षण हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल-बीएसपी ने मंगलवार को अपनी मोडेक्स इकाई, स्टील मेल्टिंग शॉप 3 (एसएमएस–3) में कास्टर सीवी 2 से ब्लूम्स उत्पादन के ह,ट ट्रायल का सफल परीक्षण किया। हॉट ट्रायल परीक्षण के पश्चात, कास्टर सीवी 2 से ब्लूम्स की पहली हीट के सफल उत्पादन के साथ संयंत्र ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मूल रूप से सीवी 2 को 8 जून 2023 को बीम ब्लैंक कास्टर के रूप में कमीशन किया गया था, लेकिन फिनिशिंग मिलों द्वारा बिलेट्स और ब्लूम्स की बढ़ती मांगों के कारण कास्टर सीवी 2 को कम्बी–कास्टर में परिवर्तित कर दिया गया। सीवी 2 के कम्बी–कास्टर में परिवर्तित होने से, बीएसपी की फिनिशिंग मिलों की ब्लूम और बिलेट की इनपुट मांग और बाहरी ग्राहकों की मांगों को पूरा करने में मदद मिलेगी। यह



उल्लेखनीय उपलब्धि, मेसर्स प्राइम मेटल्स और बीएसपी के परियोजना विभाग और एसएमएस 3 की टीमों के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से संभव हुई है। एक साल से भी कम समय के भीतर, इन टीमों ने सफलतापूर्वक सीवी 2 को एक कम्बी–कास्टर में बदल दिया, जो अब ब्लूम और बीम ब्लैंक्स दोनों का उत्पादन करने में सक्षम है। मंगलवार को कास्टर सीवी 2 से ब्लूम्स के पहली हीट की सफल कास्टिंग की गई। विशेष रूप से एसएमएस 3 की टीम ने अपने अमूल्य प्रयासों से ब्लूम की पहली हीट की सुचारू और सुरक्षित कास्टिंग सुनिश्चित की। जिससे एक निर्बाध उत्पादन और एक सफल परिणाम प्राप्त हुआ।

### टीम ने किया नवाचार को रेखांकित

यह उपलब्धि, ग्राहकों की बढ़ती मांगों को पूरा करने में नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति बीएसपी टीम के समर्पण को रेखांकित करती है। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने मंगलवार को सीवी 2 में हॉट ट्रायल पूरा होने के बाद एसएमएस 3 का दौरा किया। जहां उन्होंने सीवी 2 से ब्लूम्स के पहली हीट की सफल कास्टिंग के लिए एसएमएस 3 की टीम, प्लांट के प्रोजेक्ट विभाग की टीम और सभी संबंधित एजेंसियों और विभागों को बधाई दी। कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी एसएमएस 3 और इस उपलब्धि में शामिल विभिन्न शॉप्स और विभागों को बधाई दी। आगे भी इसी तरह सुरक्षा मानदंडो के पालन के साथ नए कीर्तिमान रचने के लिए प्रेरित किया।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### दुर्ग राज कुर्मी समाज ने दुर्गा रानी को किया सम्मानित

**सेलूद।** छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज द्वारा ग्राम महका कला में छत्तीसगढ़ बोर्ड 10 वी की परीक्षा में 97.7 % के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में 8 वा स्थान प्राप्त करने वाली दुर्गा रानी वर्मा को ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपये नगद देकर सम्मानित किया। दुर्ग राज के राज प्रधान दुलारी वर्मा ने कहा कि दुर्गा रानी वर्मा ने पूरे क्षेत्र सहित कुर्मी समाज को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर सरपंच साधना वर्मा, राज मंत्री रमा शंकर वर्मा, सह सचिव महेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी खिलेश वर्मा, क्षेत्र प्रधान मोहेंद वर्मा, केशव वर्मा, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित थे।

## निधन

### एंथोनी



**भिलाई।** सेक्टर 4 भिलाई निवासी, एंथोनी पूर्व बीएसपी कर्मी, नंदिनी माइंस, का 15 अप्रैल को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 17 अप्रैल को किया जायेगा। वे डॉली साजुमोन के पिता, डॉ. क्रिस्टीना, सेलिस्टी और सिलविन साजुमोन के नाना थे।

## छग निषाद केंवट समाज दुर्ग जिला संगठन का वार्षिक महासम्मेलन

# निषाद समाज परंपरागत व्यवसाय के अलावा जीवन के अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा: उपमुख्यमंत्री विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला संगठन द्वारा ग्राम चिरपोटी में वार्षिक महासम्मेलन का आयोजन किया गया। द्वितीय सत्र समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। तत्पश्चात भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र व निषाद राज केवट की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं समाज के प्रतिभाशाली बच्चों एवं खेल कला संगीत साहित्य अन्य विधाओं में समाज का नाम रोशन करने वाले होनहारों को मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

छः बार राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित लक्ष्मण केवट थाना प्रभारी पंखाजूर का शाल, श्रीफल व मेमेंटो देकर सम्मानित करते हुए हौसला अफजाई किया। सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अपने संबोधन में इस आयोजन के लिए समाजजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

### समाज का नाम रोशन करने वाले होनहारों का हुआ सम्मान



### मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम के प्रारंभ डॉ. घनश्याम निषाद एवं समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण समाज के आराध्य देव श्री गुहा निषाद राज भगवान श्रीराम चन्द्र जी के छाया चित्र पर पूजा अर्चना से हुई। कार्यक्रम शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम नित्य 2023- 24 मेधावी छात्राओं को समाज के पद अधिकारियों द्वारा मोमेंटो प्रस्तुति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं प्रथम सत्र के अतिथि श्री राजेन्द्र साहू एवं पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। उन्होंने भक्त गुहा निषाद राज जी शैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर संबोधित किया। सभा को संबोधन करते हुए निषाद समाज की गौरवशाली गाथा का बखान किया और जिला संगठन दुर्ग द्वारा कराए जा रहे रचनात्मक कार्यों की सराहना की।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में उपस्थित संचालन जिला उपाध्यक्ष बुधारू राम निषाद ने आभार व्यक्त किया। इस महासम्मेलन में कार्यक्रम में टीआर केवट, संतोषी निषाद, ताकेश्वरी निषाद, सुमन निषाद, हेमलता निषाद, सत्यभामा निषाद, दिलीप साहू, सालिक निषाद, संतोष जलतारे, वीरू निषाद, रामसुख सरपें, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद, थानेश्वर सर्पा, नारायण निषाद, चोवा राम, विष्णु निषाद, शिवकुमार निषाद, रामचंद्र निषाद, मनहरण निषाद, टोपसिह, राजकुमार निषाद, हिंन्छा राम, सनत निषाद सहित निषाद समाज सेवक समाज के समस्त परिक्षेत्र तहसील जिला एवं प्रांतीय पदाधिकारी सहित महिला पुरूष एवं बच्चे बडी संख्या में उपस्थित थे।

### सामाजिक छात्रावास निर्माण के लिए 50 लाख की राशि की मांग की

राजेन्द्र साहू ने वार्षिक महासम्मेलन में निषाद समाज द्वारा सभी समाज को आमंत्रित कर समाज हित में चिंतन मनन किया एवं इस कार्यक्रम अतिथि प्रदीप कैवट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय निषाद, ढीमर,भोई, कश्यप, समन्वय समिति कोमल निषाद राष्ट्रीय युवा महामंत्री अखिल भारतीय निषाद ढीमर भोई कश्यप समन्वय समिति छः बार राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित लक्ष्मण केवट थाना प्रभारी पखांजूर, शिक्षा अधिकारी बीजापुर रमेश निषाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज एवं भाजपा मछुआ प्रकोष्ठ अध्यक्ष नेहरू निषाद, जितेंद्र वर्मा अध्यक्ष दुर्ग भारतीय जनता पार्टी अजीत नाविक, रागिनी, राजू निषाद उपस्थित रहे व समाज के प्रदेश जिला के पदाधिकारी द्वारा मनोहर निषाद महासचिव, गिरधर निषाद, अशोक निषाद उप संगठन सचिव, अशोक निषाद कोषाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद द्वारा जिला कार्यालय फुलगांव में सामाजिक छात्रावास निर्माण हेतु 50 लाख की राशि की मांग की । द्वितीय सत्र के अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर कार्यक्रम में शामिल हुए। वह अपने संबोधन में सांसद व विधायक ने निषाद राज को श्री राम का परम सखा बताते हुए भगवान का सबसे करीब बताया और चरण पखारने का सौभाग्य मिला विधायक ने निषाद समाज को मेहनती समाज स्वाभिमान के साथ पहचान बनाने वाला समाज बताया एवं समाज के सभी मांग को पूरा करने आश्वासन दिया।

# सतनामी समाज के लोगों ने सतनाम भवन में की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उतई

छुरियां ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम चिरचारी कला थाना गैंदाटोला में कुछ दिन पहले सतनामी समाज के लोगों को अन्य समाज के द्वारा ग्राम से बहिष्कृत एवं हुक्का पानी बंद कर दिया था। इस संबंध में राजनांदगांव के सतनाम भवन में बैठक आहुत किया गया था। जिसमें समाज के सभी प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग किया गया। अन्यथा समाज की ओर से उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से सतनाम भवन के अध्यक्ष खिलाड़ी, पीआर देशलहरे, दुर्ग तहसील अध्यक्ष एवं जिला महंत दिनेश देशलहरे, मानपुर मोहला अध्यक्ष बलराम चेलक, खैरागढ़ अध्यक्ष खुमान दे श ल ह रे , राजनांदगांव जिला अध्यक्ष संजय कुर्रे सहित समाज के प्रतिनिधि और ग्राम चिरचारी कला के सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

■ **कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की**

### उपमुख्यमंत्री विजय ने मचांदुर पंचायत की ली जानकारी



**उतई।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का ग्राम पंचायत मचांदुर में प्रथम आगमन रविवार को हुआ। पंचायत भवन के सामने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। लोगों में उनके स्वागत को लेकर गजब का उत्साह था। युवाओं से लेकर वरिष्ठ सामाजिक क्षेत्र के ग्रामीणजन, समाजसेवी और आम जनता स्वागत के लिए पहुंचे थे। स्वागत के लिए उमड़े जनसैलाब के द्वारा उपमुख्यमंत्री शर्मा के मचांदुर आगमन पर फूलमालाओं और अतिशबाजी के साथ उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। गृह मंत्री विजय शर्मा ने पंचायत के बारे में जानकारी लिया और आगे मचांदुर के विकास के लिए हमेशा सहयोग के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच दिलीप साहू, उपसरपंच गजेंद्र साहू,भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु, फलेंद्र सिंह राजपूत, नवाब खान, जसलोक साहू, बैशाखूराम साहू, हिरामन साहू, नितेश साहू, खोरबहरा देवांगन, गणपत साहू, राजेन्द्र पटेल, गीतूराज, रामपाल, तरुण साहू, तुकाराम साहू, राकेश साहू, प्रेमलाल देवांगन, योगेश पटेल, नागेंद्र पटेल, मेघनाथ देवांगन, धनंजय साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### कमला मोटर्स में बहुफसलीय सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन हार्वेस्टर मशीन की खरीददारी



**भिलाई।** बुधवार प्रथम पूज्य देव रिद्धी- सिद्धी दायक लम्बोदर महाराज की पूजा आराधना कर अतरझोला मोहगांव बेमेतरा के कृषक राजेश कुमार सोनकर ने अपने इष्ट मित्रों, परिवारजनों के साथ कमला मोटर्स दुर्ग में पहुंचकर देश के कृषकों की विश्वसनीय उद्योगिकी मलारकोटला पंजाब द्वारा निर्मित बहुफसलीय सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन हार्वेस्टर मशीन की खरीददारी कर अपने परिवार को आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर किये। मशीन की चाबी प्रदान करते हुऐ शहर के प्रतिष्ठित वरिष्ट सिविल इंजीनियर अरविन्द ताम्रकार एवं कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, मैकेनिक किशोर निशाद, स्वागतकरता नंदिता सावंत, पुजारी जयदीप सावंत, एवं केएस ग्रुप ऑफ़ कंपनी के वरिष्ट पर्यवेक्षक दिलशाद खान, सहायक पर्यवेक्षक इरफ़ान मोहम्मद, सुल्तान खान यंत्र ग्रहण करते हुये कृषक राजेश सोनकर, मेघनाथ सोनकर, डेलेन्द्र सोनकर, अजय सोनकर, गजानंद वर्मा इत्यादि साथीगण। छत्तीसगढ़ की धरातल भी आज नित नए अत्याधुनिक यंत्रो एवं उपयंत्रो द्वारा बोआई कटाई कर धान का कटोरा कहलाने वाले प्रदेश को आर्थिक समृद्धि प्रदान कर देश की जीडीपी बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### जनपद कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा



**धमधा।** ग्राम पंचायत रहटादाह में शासन द्वारा मनरेगा कार्य चल रहा है जिसमें 6 मई से लेकर 12 मई तक का मस्टररोल निकला है। जिसमे मजदूरों द्वारा 5 दीन का मजदूरी कार्य किया गया है, उसमे 4 दिन का ही मजदूरी डाला गया है। 1 दिन के मजदूरी को हड़प लिया गया है। आज 70 ग्रामीण रैली के रूप में युवा नेता के नेतृत्व में जनपद पंचायत धमधा का घेराव करते हुए मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा कर छूटे 1 दिन का मजदूरी देने का ज्ञापन सौपे है। वहीं संतु राम साहू सचिव ने कहा कि पानी गिरने के सर्वर के कारण 1 दिन का मजदूरी नही डल पाया है 4-5 दिन में उनको 1 दिन का मजदूरी मिल जाएगा।

### ओम ज्वेलर्स में ग्राहकों का मिल रहा प्रतिसाद



**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल में स्तिथ इंदिरा मार्केट शॉप नंबर 64 बी में स्थित ओम ज्वेलर्स के संचालक ओम जी ने बताया है कि शादी सीजन में दुल्हनों की खास पसंद ओम ज्वेलर्स में अच्छा खासा कलेक्शन देखने को मिलता है। लाइव वेट में साइज बड़ी वह विभिन्न वैरायटीयों का विशाल संग्रह देखने को मिलता है। हर शादी की खरीदी पर कुछ न कुछ निश्चित उपहार तत्काल प्रदान की जाती है एवं दूल्हे-दुल्हनों के लिए इंपॉर्टेंट वॉच, सफर बैग, जितने ग्राम सोना उतने ग्राम चांदी फ्री का भी अच्छा खासा रिस्पांस देखने को मिल रहा है एवं बिलिंग होने के बाद डिस्काउंट भी किया जाता है। सोने-चांदी की बढ़ती कीमत को देखते हुए एडवांस बुकिंग की जा रही है इसमें अपनी पसंद का ज़ेवर बुककर अलग रख सकते हैं एक बार शॉप अवश्य पधारें। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा जेवर की रखरखाव पर गारंटी देता है जिसमें किसी भी प्रकार की टूट-फूट होने पर 2 साल तक रिपेयरिंग फ्री देता है।

### भिलाई पब्लिक स्कूल का रिजल्ट रहा शानदार



**भिलाई।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। परीक्षा में भिलाई पब्लिक स्कूल (बीपीएसई) स्कूल का रिजल्ट शानदार रहा। बोर्ड परीक्षा में भिलाई पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र कृष्णा अग्रवाल ने 95.2% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृष्णा ने गणित में 98% अंक पाकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। द्वितीय स्थान पर बायो स्ट्रीम के अश्मित कांत ने 88% अंक प्राप्त किए तथा दक्ष कुमार ने 86 % अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। कॉमर्स से प्रियांशु यादव ने 81% तथा रेनुका साव ने 77% अंक और कुसुम माझी ने 76% अंक प्राप्त किए। साइंस ग्रुप का परीक्षापरिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं में रूद्र देशमुख ने 88% अंक, काव्या वर्मा ने 85% और डेनिल कुमार कोसरिया ने 79% अंक लाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं काव्या वर्मा ने संस्कृत में 100 अंक प्राप्त किए। वहीं स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम भी 100% रहा। इस उपलब्धि पर स्कूल के डायरेक्टर एचपीएस उप्पल, प्राचार्या हरविंदर कौर, डायरेक्टर ए केडमिक्स डॉ. प्रशी तिवारी, एकेडमिक्स इंचार्ज रंजीता बंजारे, हेड मिस्ट्रेस बेतसीबा रानी, ऑफिस सूपरिन्टेन्डेन्ट् पल्लवी भूरे ने छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी।

### मैत्री विद्या निकेतन के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 में 100% परिणाम के साथ 10वीं और 12वीं के छात्रों ने कड़ी मेहनत का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया । कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से मानसी साहू ने प्रथम स्थान, रूपाली मिश्रा ने द्वितीय स्थान, हितेश चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान हासिल किया है। गणित संकाय से शेख अनस ने प्रथम स्थान, लिशा तिवारी ने द्वितीय स्थान, विमल पटेल ने तृतीय स्थान हासिल किया है। वाणिज्य संकाय से शैलेश कुमार साहू ने प्रथम स्थान और अंकित भाले ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। वहीं कक्षा 10वीं की श्रमिष्ठा नाग ने 91% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान तथा यनिग्धा साहू ने 90%, चेताली मेश्राम 86%, साक्षी सिन्हा 83%, कशिश वर्मा 82%, स्नेहा ठाकुर और श्रेया बंजारे ने 80% हासिल किया।

### सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी के छात्रों ने मारी बाजी




**दुर्ग।** सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी के विद्यार्थियों का 10वीं एवं 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। ग्रामीण परिक्षेत्र में स्थित होने के बावजूद भी सन पब्लिक स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट रहा। 12 वीं कक्षा में स्कूल टॉपर में तुषार जैन ने 91.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर, रौनक चन्द्राकर ने 87.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर और मुस्कान साहू ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 10 वीं कक्षा में स्कूल टॉपर में जितेश कुमार साहू ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, तन्मय चोपड़ा ने 80.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और चंदाना मानिकपुरी ने 73.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति की ज्वाइंट डायरेक्टर शालिनी चन्द्राकर, प्राचार्य फरीना कादी और शाला के समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### मानसरोवर विद्यालय जंजगिरी हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों का शानदार परीक्षा परिणाम रहा



**भिलाई।** मानसरोवर विद्यालय जंजगिरी हिंदी माध्यम का परीक्षा परिणाम परंपरा अनुसार शानदार रहा। माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2024 में विद्यालय में कक्षा दसवीं में सम्मिलित 99% विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के 80% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए। 96.3% अंकों के साथ चिरंजीव कुमार कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान हासिल किया, 95.5% अंकों के साथ सागर साहू द्वितीय स्थान पर तथा 95.3 प्रतिशत अंक के साथ भानु प्रताप चंद्राकर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता और विद्यालय को गौरवान्वित किया। मानसरोवर विद्यालय के 9 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में तीनों संकाओं में 88% अंक प्राप्त कर अर्पित बंछोर प्रथम स्थान अर्जित किया, 87% अंक प्राप्त कर शेखर कुमार निषाद द्वितीय स्थान तथा 82% हासिल कर आंचल शुक्ला तृतीय स्थान पर रही। विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष पवन कुमार साहू एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार मढरिया ने विद्यार्थियों उनके अभिभावकों तथा सभी शिक्षक शिक्षकों के परिश्रम की प्रशंसा करते हुए बधाई प्रेषित किया है।



खबर संक्षेप

## विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली



**कुम्हारी।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु विद्यार्थियों के कक्षा एलकेजी एवं कक्षा पहली में प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया शासन के नियमानुसार 15 मई बुधवार को विद्यालय प्रांगण में सभी पालकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमधा एवं जयप्रकाश पांडे प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पांहदा के द्वारा लॉटरी निकलने का शुभारंभ किया गया। जिसमें शासन के नियमानुसार सभी पात्र और अपात्र बच्चों की सूची बनाई गई एवं पात्र बच्चों के माता-पिता द्वारा ही लॉटरी निकला गया। शासन के द्वारा निर्धारित आरक्षण का पालन करते हुए एलजी के लिए 20 सीट एवं कक्षा पहली के लिए 80 सीट का चयन किया गया। लॉटरी प्रक्रिया विद्यालय की प्राचार्य लता रघु कुमार एवं मिडिल प्रधान पाठक श्रीमती शीतल नैयर के मार्गदर्शन पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सेजेस में प्रवेश हेतु लॉटरी की प्रक्रिया को प्रदर्शिता पूर्वक संपन्न करने के लिए कैलाश साहू एवं जयप्रकाश पांडे ने सभी शिक्षकों एवं सभी अभिभावकों को अपनी शुभकामनाएं दी।

### पीडब्ल्यूडी के सड़क निर्माण में एक तरफ कम हो गई थी ऊंचाई

# ठेकेदार की लापरवाही से एकता नगर मुक्तिधाम की दीवार भर-भराकर गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एकता नगर में स्थित मुक्तिधाम में बने चारदीवारी बुधवार की सुबह भर-भराकर गिर गई। पीडब्ल्यूडी की निर्माणाधीन सड़क और भिलाई-चरोदा निगम से हो रहे नाली निर्माण कार्य में ठेकेदारों की लापरवाही सामने आ रही है। पीडब्ल्यूडी की सड़क बनने से मुक्तिधाम के चारदीवारी की बाहरी ऊंचाई कम हो गई थी। सड़क बनने से लंबाई में दबी हुई नींव वाली दीवार के समानांतर निगम की नाली बना रहे ठेकेदार ने मटेरियल रख छोड़ा था। इसके चलते दीवार में दबाव बढ़ने लगा और करीब 60 से 80 फीट चारदीवारी गिर गया। निर्माण कार्य को भिलाई-चरोदा निगम के जिम्मेदार अफसर झांकने तक नहीं पहुचते है। भिलाई चरोदा नगर निगम को फिर एक बार नुकसान झेलना पड़ रहा है। इस बार यह नुकसान एकता नगर मुक्तिधाम की चारदीवारी गिरने से हुआ है। इस नुकसान की भरपाई नगर निगम किससे और कैसे करेगी।इस पर सवाल खडा हो गया है। नगर निगम द्वारा इस मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण किया गया है। चारदीवारी गिरने से मवेशियों का आना जाना लगा रहेगा।हरियाली को नुकसान पहुचा सकते है।

**दीवार के किनारे निगम के ठेकेदार ने स्टाक में मटेरियल रखा**



### चारदीवारी के किनारे गिट्टी व रेत का स्टाक



मुक्तिधाम की चारदीवारी से लगकर पीडब्ल्यूडी द्वारा इंजीनियरिंग पार्क के लिए सड़क बनाया जा रहा है। सड़क निर्माण के शुरुआती चरण में मुरुम की परत बिछाएं जाने से मुक्तिधाम की चारदीवारी की नींव गहराई में चली गई। सड़क पर बिछाए मुरुम में पानी डालकर रोलर चलाने से मुक्तिधाम की चारदीवारी कमजोर हो गई। वहीं निगम के नाली निर्माण करने वाले ठेकेदार ने भी चारदीवारी के किनारे गिट्टी व रेत का स्टाक रख छोड़ा था। माना जा रहा है कि इससे दबाव बढ़ता गया और पुरानी चारदीवारी इसे झेल नहीं पाई और गिर गई।

### गिरा था निर्माणाधीन ऑडिटोरियम

स्वामी आत्मानंद जनता अंग्रेजी माध्यम स्कूल के निर्माणाधीन आडिटोरियम की छत भर भराकर गिर गई थी। इस मामले में नगर निगम प्रशासन की जमकर किरकिरी हुई थी। निगम के जिम्मेदार अधिकारी समय समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण नहीं करने जाते है। मुक्तिधाम की चारदीवारी गिरने के ताजा मामले में भी निगम की व्यवस्था व अफसरों करी लापरवाही का पोल खोल कर रख दिया है। मुक्तिधाम से लेकर इंजीनियरिंग पार्क तक की नई सड़क का निर्माण भले ही पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है। लेकिन इस दौरान नगर निगम की सम्पत्ति को किसी तरह की नुकसान नहीं होना चाहिए।

### दोषियों पर हो कार्रवाई

“ मुक्तिधाम की चारदीवारी गिरने से नुकसान के लिए नगर निगम के अधिकारियों की उदासीनता है। किसी भी निर्माण कार्य के दौरान अधिकारियों को समय समय पर स्थल निरीक्षण कर सभी पहलुओं पर नजर रखना चाहिए। ऐसे ही उदासीनता के चलते पखवाड़े भर पहले आत्मानंद स्कूल के निर्माणाधीन आडिटोरियम की छत गिर गई थी। अब मुक्तिधाम की चारदीवारी गिरने के मामले में जांच होनी चाहिए। जिम्मेदार पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**विपिन चंद्राकर**, सांसद प्रतिनिधी

# गनियारी हत्याकांड की फिर होगी रि ओपनिंग

### संदेहियों से पूछताछ भी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- पुलगांव थाना क्षेत्र के अंजोरा चौकी का मामला
- ढाई माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली

गनियारी हत्याकांड को पुलिस दोबारा री ओपनिंग कर जांच में जुट गई है। हत्याकांड को करीब ढाई माह बीत गया है लेकिन पुलिस को सफलता हासिल नही हो पाई है। पुलगांव थाना क्षेत्र की यह घटना है। आरोपियों के बारे में जानकारी देने वालो के नाम पर आईजी ने 25 हज़ार रुपये का भी इनाम की घोषणा की गई है। फिर भी अंधे क़त्ल का राज दफन हो गया है।

उल्लेखनीय है कि 7 मार्च को प्रार्थी केशव राम साहू पिता अर्जुन साहू ने पुलगांव थाना में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ग्राम गनियारी मे परिवार सहित रहता है। 6 मार्च की रात को प्रार्थी अपने घर से अपनी मां के घर में आकर गाय बैल को कोठा में बांध दिया था। इसके बाद वह घर जाकर सो गया था। 7 मार्च की सुबह 5:00 बजे रोजाना की तरह गाय बैल को बाहर निकालने आया तब बरामदे में उसने लाइट जलाया। जब उजाला हुआ तो उसने देखा पानी की टंकी के पास काफी मात्रा में खून पड़ा हुआ है। उसने तुरंत घर जाकर अपने बड़े भाई निर्मल साहू एवं परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी। जब परिवार वाले घर पहुंचे तो देखख कि श्रीमती राजबती साहू एवं सविता साहू का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था। श्रीमती राजबती साहू 65 वर्ष तथा कुमारी माया उर्फ सविता साहू 17 वर्ष की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार वस्तु से वार कर हत्या कर दी गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने इस हत्याकांड में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने के साथ-साथ कई लोगों से पूछताछ की थी।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-35, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## विधायक रिकेश के बड़े भाई की बिगड़ी तबियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- आईसीयू में 24 घंटे से हैं अचेत
- झारखंड से एक दिन के लिए विधायक की भिलाई वापसी

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के बड़े भाई दिनेश सेन की कल रात अचानक तबियत बिगड़ने के चलते उन्हें तत्काल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। आईसीयू में एडमिट दिनेश पिछले 24 घंटे से अचेतावस्था में हैं। गौरतलब हो कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देश पर पिछले कुछ दिनों से झारखंड राज्य की दुमका लोकसभा क्षेत्र में हैं। दिनेश की तबियत की सूचना मिलते ही विधायक रिकेश विमान से एक दिन के लिए भिलाई आ रहे हैं। भाई की कुशलक्षेम और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के संबंध में चिकित्सकों से चर्चा कर संभवतः श्री सेन वापस झारखंड निकल जाएंगे क्योंकि वहां 29 मई को मतदान होना है।

## झारखण्ड चुनाव प्रचार के लिए रवाना हुए विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लोकसभा 2024 चुनाव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में चुनाव संपन्न होने के उपरांत गुरूवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर झारखंड में चुनाव के प्रचार के लिए सारठ विधानसभा में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के संकल्प के साथ अपना योगदान प्रदान करने दुर्ग से झारखंड को रवाना हुआ। 16 मई से वहां के स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं संग चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। इस दौरान दुर्ग से पिंटू चोपड़ा, मोनू चौधरी, राहुल देवांगन साथ में रहेंगे।



HERITAGE INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
CBSE Aff No: 3330198
School provides admissions under RTE Act.
(DISE No: 22100720810)

Meritorious Scholarship
ADMISSION OPEN FOR CLASS - XI

| Percentage in Class-X CBSE Exam | Waiver** |
|---|---|
| Above 95% | 100% |
| 90.1% to 95% | 75% |
| 85.1% to 90% | 50% |
| 80.1% to 85% | 25% |
| 75% to 80% | 20% |

**in tuition fees

Scholarship to be availed before 15th June 2024



7566660470/75
www.heritageschools.org
heritage.schools@yahoo.com

Congratulations
CBSE-2024 School Toppers



NISHIKA SINGH
School Topper (X)
97%



Japnit Kaur Bindra (X) 94%



Lucky Shukla (X) 93%



Ankit Soni (X) 92%



Lakshya Dewangan (X) 92%



Harsh Kr. Dolhare (X) 91%



Vaidehi Bhole (X) 90%



Tushar Dewangan 90% Science XII



Kunal Sen 83% Commerce XII

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 16 मई 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02



सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग टीम ने लगातार जीते चार मैच

## लाइव इवेंट

## ब्राह्मण समाज आज निकालेगा भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**भिलाई।** अक्षय तृतीया को परशुराम जन्मोत्सव सभी विप्रजनों ने पारम्परिक रीतिरिवाज़ पूजा पाठ हवन कर विभिन्न स्थानों पर मनाया गया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़ा के तहत पूरे देश में भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। आयोजन समिति के प्रमुख पंडित सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़ा के तहत ब्राह्मण समाज दुर्ग-भिलाई द्वारा शोभायात्रा का आयोजन 16 मई को किया गया।



- जगह-जगह होगा स्वागत, ब्राह्मण समाज दुर्ग-भिलाई सहित अन्य जिले के होंगे शामिल

### विभिन्न जिलों से भी विप्रजन होंगे शामिल

है। इस शोभायात्रा में पूरे दुर्ग-भिलाई सहित आसपास जिलों से भी विप्रजन सम्मिलित होंगे। शोभायात्रा 16 मई गुरुवार को सायं 4 बजे अग्रसेन चौक से प्रारम्भ होंगी। सभी विप्रजन अग्रसेन चौक स्थित अग्रसेन भवन में एकत्रित होंगे। विशाल मनमोहक झांकी, भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा,अस्त्र शस्त्र से सुसज्जित,आकर्षक रंग बिरंगे परंपरागत वेशभूषा में विप्रजनों की उपस्थिति, छत्तीसगढ़ की परंपरा को संजोते हुए भक्ति गीत संगीत से पूरा वातावरण पूरा शहर भगवामय, ब्राह्मण एकता की मिसाल प्रस्तुत करेगा और नगर के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ को सनातनी संदेश देगा।

### जगह-जगह किया जायेगा भव्य स्वागत

अग्रसेन चौक से शोभायात्रा प्रारम्भ होकर इंदिरा मार्केट, सदर बाजार, श्री राम मंदिर, शनिचरी बाजार, सत्ती चौरा, गंजपारा होते हुए समाज के भवन परशुराम भवन शिवनाथ नदी रोड दुर्ग,में समापन होगा। समापन स्थल परशुराम भवन में भगवान परशुराम की महाआरती पश्चात विप्रजन भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे। एक ओर जहां शोभायात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर समाज के लोगों द्वारा भगवान परशुराम की जहाँ पूजा अर्चना की जाएगी वहीं दूसरी ओर पानी शरबत नाश्ता फल इत्यादि, जरुरतमंदो के लिए इ-रिक्शा वाहन की भी व्यवस्था की गई है। इस पूरे आयोजन में दुर्ग भिलाई के सभी ब्राह्मण परिवार सम्मिलित है।

## सिटी इवेंट

## विकास को बढ़ावा देने प्रगतिशील मानव संसाधन की पहल



**भिलाई।** संगठन में निरंतर सीखने और विकास को मजबूत करने के लिएसेल) ने मंगलवार को कई प्रमुख प्रगतिशील मानव संसाधन पहल शुरू की है। कार्यस्थल के अलावा अन्य स्थानों से काम करने की नीति का सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश ने लांच किया है। इस नीति के अंतर्गत, कर्मचारी को निर्धारित स्व–विकास गतिविधि (ेमसि.कमअमसवचउमदज् बजपअपजल) करने पर, कार्यस्थल के अलावा अन्य जगह से काम करने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य हमारे कर्मचारियों को निर्दिष्ट कार्यस्थल से दूर रहते हुए अधिक रणनीतिक भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करने और अपने पेशेवर विकास और स्वस्थ वर्क लाइफ बैलेंस में निवेश करने में सक्षम बनाना है।सेल के निदेशक केके सिंह ने कहा कि सेल बेहतर कर्मचारी प्रेरणा और जुड़ाव के लिए लगातार नए युग की कई मानव संसाधन पहल शुरू कर रहा है। सेल को हाल ही में ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट, भारत, द्वारा दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए "ग्रेट प्लेस टू वर्क" के रूप में प्रमाणित किया गया है। ग्रेट प्लेस टू वर्क" प्रमाणन एक वैश्विक मान्यता है जो एक सम्मानित और मांग वाले नियोक्ता होने के लिए सेल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## हेल्थ इवेंट

## हेल्थ केयर ट्रेड में 12वीं के विद्यार्थियों का हुआ चयन



**भिलाई।** जॉब प्लेसमेंट से हेल्थ केयर ट्रेड विषय पर 12वीं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 80 में 51 बच्चों का चयन हुआ। उल्लेखनीय है की स्किल ट्री कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे बड़े व्यावसायिक प्रशिक्षण देने वाली कंपनी में एक है। स्किल कंसल्टिंग कौशल परिषदों से संबद्ध है। जिसमें हेल्थ केयर सेक्टर कौशल परिषद, इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर कौशल परिषद, पर्यटन, अतिथ्य क्षेत्र कौशल परिषद आदि में शामिल हैं। स्किल ट्री कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा दुर्ग जिले में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन द्वारा संचालित नवीन व्यवसायिक पाठ्यक्रम के तहत हेल्थ केयर ट्रेड विषय पर आधारित जॉब प्लेसमेंट किया। जिसमें मुख्य अतिथि नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम नोडल प्रतिष्ठा शुक्ला और प्लेसमेंट कंपनी 2050 के प्रतिनिधि साथ ही स्किल ट्री कंपनी के कोऑर्डिनेटर रविन्द्र धुरंधर, परिवेश मसीह के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन जेआरडी स्कूल दुर्ग में किया गया। दुर्ग जिले से 8 स्कूलों से लगभग 80 हेल्थ केयर से स्कूली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया उनके व्यवसायिक प्रशिक्षक भी शामिल हुए।

- दुर्ग जिले के समस्त शासकीय व 11 पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थी हो रहे शामिल

# विभिन्न गतिविधियों से बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास, 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकण्डरी, पीएम श्री स्कूल, सेजस विद्यालय में बुधवार से 15 दिवसीय समर कैम्प प्रारम्भ किया गया है। इस कैम्प के लिए सुबह 6:30 से 8:30 तक का समय निर्धारित है। जिले के समस्त संकुल प्राचार्यों की देखरेख एवं संकुल समन्वयकों के सहयोग से 15 विधाओं में विभिन्न गतिविधियों पर आधारित समर कैम्प आयोजित किये जायेगें। जिले के 11 पीएम श्री विद्यालयों में भी समर कैम्प आयोजित किये जा रहे है।

### विभिन्न गतिविधियों में लेंगे हिस्सा

जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा से प्राप्त जानकारी अनुसार समर कैम्प के दौरान स्पोकन इंगलिश, गणित से जुड़ी मनोरंजक गतिविधियाँ, करसिव राइटिंग, स्टोरी टैलिंग, लेखन कला (हिन्दी, अंग्रेजी), बेस्ट ऑफ वेस्ट, कला और काफ्ट, अभिव्यक्ति कौशल, इन्डोर गेम-शतरंज कैरम, चौस, चायनिस चेकर्स, योग, प्राणायाम, गायन, वादन, नृत्य, ड्राईंग और पेंटिंग,, रंगोली, मेंहदी, आदि गतिविधियां आयोजित की जा रही है। समर कैम्प के प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षक जो विभिन्न विधाओं में पारंगत है उनके द्वारा बच्चों को सम्बधिंत विधाओं की बारीकियां सिखाई जा रही है।



### बच्चों ने सीखा केसियो बजाना

समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय को समर कैम्प की समस्त गतिविधियों के सुचारू सम्पादन का दायित्व दिया गया है। प्रथम दिवस पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला रुआबांधा भिलाई में शिक्षक अब्दुल आरिफ खान द्वारा बच्चों को केसियो बजाना सिखाया गया। यामिनी द्वारा बच्चों को अभिव्यक्ति कौशल पर गतिविधि कराई गयी। मोहम्मद आयाज द्वारा स्टोरी टैलिंग किया गया। पीएमश्री अखरा, पाटन में स्पोकन इंगलिश पर आधारित गतिविधियाँ कराई गई।




### बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

16 मई से प्राचार्य शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालय रुआबांधा दीप्ति गुप्ता द्वारा पूरे 15 दिवस स्पोकन इंगलिश पर गतिविधियों कराई जाएगी। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला बालाजी नगर खुर्सीपार भिलाई में ग्रिटिंग कार्ड मैकिंग की गतिविधि कराई गई। अनेक विद्यालयों में योग एवं प्राणायाम कराया गया। शासकीय पूर्व मा. शाला रिसाली में इंडोर गेम के तहम कैरम एवं शतरंज की बारिकियों बच्चों को सिखाई गई। संकुल कन्या सुपेला में बच्चों को लोक एवं शास्त्रीय नृत्य सिखाया गया। समर कैम्प में पालकों की सहमति से अधिक से अधिक बच्चों को शामिल कर, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। प्रथम दिवस के कैम्प का समापन अत्यंत उत्साह के साथ कल द्वितीय दिवस में मिलने के संदेश के साथ किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक, संकुल स्त्रोत केन्द्र समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक सभी के द्वारा समर कैम्प की सतत मोनिटरिंग की जा रही है।




## ईमु बर्ड का बढ़ेगा कुनबा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्रीबाग में पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षणों में शामिल ईमु बर्ड ने अंडे दिए है। मैत्रीगार्डन से मिली जानकारी के अनुसार ईमु बर्ड ने दो अंडे दिए है। ईमु की औसत आयु 25 से 30 वर्ष तक है। मैत्रीबाग में ईमु बर्ड पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहे है। अब इनका कुनबा बढ़ने के आसार है।

## सेजेस सेक्टर-6 में लॉटरी के माध्यम से होगा प्रवेश

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेक्टर 6 भिलाई में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए केजी-1 तथा क्लास 1 में प्रवेश प्रक्रिया शासन द्वारा नियम अनुसार लॉटरी के माध्यम से की जाएगी।

प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि 10 अप्रैल से 10 मई तक निर्धारित की गई थी। प्रवेश के लिए शासन द्वारा केजी 1 के लिए साढ़े तीन से साढ़े 4 वर्ष (31 मई 2024 की स्थिति में) तथा क्लास वन के लिए (साढ़े 5 से साढ़े 6 वर्ष ( 31 मई 2024 की स्थिति में) निर्धारित की गई है। प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की पुष्टि के लिए उसकी हार्ड कॉपी के साथ, जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड ,बीपीएल (



- 20 मई को निकलेगी लॉटरी

सत्यापित सर्वे सूची व आय प्रमाण पत्र) मंगवाए गए हैं। दस्तावेजों की जांच उपरांत गलत जानकारी भरे जाने पर आवेदन स्वयं निरस्त हो जाएंगे। अतः प्रवेश के लिए ऑनलाइन तथा हार्ड कॉपी जमा करने वाले समस्त आवेदकों को लॉटरी के लिए 20 मई समय सुबह 10:30 बजे सेजेस सेक्टर 6 भिलाई के हाल में उपस्थित रहने की अपील की जाती है।

### वन विभाग दुर्ग का पक्षी संरक्षण जागरुकता अभियान

## व्यवस्ततम जीवन शैली से कुछ समय निकालकर पक्षियों के लिए करें दाना-पानी की व्यवस्थाः डीएफओ चंद्रशेखर

कार्नर न्यूज

भिलाई। वन विभाग दुर्ग के पक्षी सरंक्षण जागरूकता अभियान के तहत वन तालपुरी भिलाई में हुआ।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दुर्ग जिले के निवासियों में भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर,अपने व्यस्ततम जीवन शैली से कुछ समय निकालकर पक्षियों के लिए अनिवार्य दाना-पानी की व्यवस्था करना था। कार्यक्रम का प्रारम्भ जीपी त्रिपाठी पर्यावरण मित्र भिलाई ने अपने द्वारा किये जा वृक्षारोपण सरंक्षण व स्वयं के निवास में पक्षियों के सरंक्षण के लिए किए गए प्रयासों के अनुभव को किया साझा।



### वृक्ष लगाने पर दिया जोर

पर्यावरण मित्र मंडल के अध्यक्ष बालूराम ने मानव व पक्षी दोनों के लिए ही वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका में शिक्षक खिलेंद्र साहू प्रकृति इको क्लब प्रभारी शास.पूर्व मा.विद्यालय तेलीगुंडरा पाटन ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस पूरी पृथ्वी को वर्तमान में सबसे अधिक नुकसान उच्च शिक्षित लोग ही पंहुचा रहे है,जो व्यक्ति जितना अधिक पढ़ा लिखा है वो ही पर्यावरण का सबसे बड़ा शत्रु बन बैठा है। मनुष्य को यह समझने की आवश्यकता है कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता शिक्षक, डॉक्टर, अधिकारी, कर्मचारी या जनप्रतिनिधि बनना नहीं अपितु जीवित रहना है और जीवित रहने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व सरंक्षण की आवश्यकता है। जीवित रहेंगे तो ही हम अपने सपनों को साकार कर पाएंगे।

### लोगों को किया जागरूक

वृक्षारोपण से ही शुद्ध प्राणवायु व जल की व्यवस्था प्राकृतिक रूप से सम्भव है। धड़ल्ले से पालीथिन,प्लास्टीक का उपयोग,जो वृक्ष, पशु, पक्षियों का निवास है,उनकी अंधाधुंध कटाई कर रहे,जिससे पक्षियों के विभिन्न प्रजातिया विलुप्ति के कगार पर है,इनके सरंक्षण के लिए हमें अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्षारोपण व अपने घरों में कृत्रिम घोसलों का निर्माण के लिए आग्रह किया। हर्ष साहू,प्रेमचंद साहू अध्यक्ष स्वच्छ्ता अभियान टीम भिलाई,प्रशांत साहू अध्यक्ष युवा शक्ति संगठन बोरसी,ललेश्वरी साहू अध्यक्ष जीविका स्वसहायता समूह बोरसी,डिलिमा मजूमदार ओम योग क्लासेस दुर्ग,जैनेन्द्र दीवान प्राध्यापक (एनएसएस) प्रभारी साइंस कॉलेज दुर्ग सभी ने संगठन के कार्यकर्ताओं व विद्यार्थियों,जागरूक लोगों से पर्यावरण व पक्षियों के सरंक्षण की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डीएफओ चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेशी प्रभागीय वन अधिकारी दुर्ग युवा (आईएफएस)ने उपस्थित जनसमुदाय को भीषण गर्मी पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था के लिए आग्रह किया। परदेशी ने पक्षियों को मनुष्य का मित्र बताया व कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्रबुद्ध जनों से अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष लगाकर उसका सरंक्षण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन कमल साहू ने किया कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी राजेश प्रजापति,सीरीज भट्ट व वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी व उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# दिव्यागों-बुजुर्गों की सेवा के बाद संस्था की बनी पहचान



**भिलाई।** सक्षम जन फाऊंडेशन के सदस्यों ने पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर की बुजुर्गों की सेवा। मनोरंजन गीत-संगीत सक्षम जन फाऊंडेशन द्वारा समय-समय पर संस्था के सदस्य वृद्धा आश्रम पहुंचते हैं। बुजुर्गों के साथ मिलकर समय व्यतीत करते हैं।

- **सक्षम जन फाऊंडेशन का आयोजन**

वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का डॉक्टरों द्वारा चेकअप, दवाई, भोजन व्यवस्था, उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर सामानों का वितरण किया जाता है। सक्षम जन फाऊंडेशन दिव्यागों बुजुर्गों के सेवार्थ कार्य करते हुए अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। इसी कड़ी में संस्था की सरक्षिका राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित रजनी सुरेंद्र रजक, सुश्री संगीत रजक, स्व. जीपी रजक की पुण्य तिथि पर सह परिवार वृद्धा आश्रम पहुंच कर सेवा कार्य किए। जिसमें उनकी पत्नी बीमाल रजक, मालती सिंह, रजनी रजक, उपासना वैष्णव, हरीश सुरेंद्र, सुशील, सक्षम जन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन सिंघल, उपाध्यक्ष शशांक जैन, सचिव हरि सिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा, संरक्षिका नीमा पनरिया, सुमन ठाकुर, आशा गुप्ता, पूजा, नीतू बंछोर, मोहन दास पनरीया, अरुण वर्मा, हरि सिंह, सोलंकी, लोकेश, बिनोले, रोहन बोधि, गोटेकर, सर्वेश गुप्ता, अभीषेक जैन उपस्थित थे।

## गौरवान्वित

# ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में के. रामू ने जीता ब्राउन मैडल



**भिलाई।** सेक्टर-7 क्लब में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों ने कराटे इण्डिया आर्गेनेसन द्वारा ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप देहरादून उत्तराखंड में 8 से 12 मई को सम्पन्न हुआ। जिसमें बीएसपी क्लब सेक्टर-7 में प्रशिक्षण में के.रामू ने भाग लिया। सीनियर में ब्राउन मैडल प्राप्त किया। प्रशिक्षक जी अमर द्वारा उन्हें प्रशिक्षण दिया। लगातार सेक्टर-7 के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रदेशों में भाग लेकर मैडल प्राप्त कर रहे हैं। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ के महामन्त्री एवं इस्पात क्लब सेक्टर-7 के सचिव ने उन्हें बधाई दी। हर प्रकार की मदद करने का आश्वासन दिया। भिलाई व छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया।

### देवबलौदा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2024 मे शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देवबलोदा पाटन का परिणाम उत्कृष्ट रहा कक्षा 10वी 96.5 प्रतिशत एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रा टी. रीतिका ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हायर सेकंडरी परीक्षा परिणाम मे विज्ञान संकाय से मुस्कान साहू ने 78.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के बेहतर परिणाम के लिए सेवानिवृत प्राचार्य अतुल कामले एवं प्रभारी प्राचार्य टीआर साहू आदि मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग टीम ने लगातार जीते चार मैच



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की सॉफ्टबॉल पुरूष टीम 13 से 18 मई को आयोजित बैंगलोर विश्वविद्यालय में आल इंडिया प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार 4 मैचों में जीत हासिल की। उक्त प्रतियोगिता विभिन्न राज्यों से कुल 90 टीमें भाग ले रहे है। विश्वविद्यालय के खेल संचालक, शारीरिक शिक्षा डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि सॉफ्टबॉल पुरूष टीम का पहला मैच बाई रहा, दूसरे मैच जगदीश प्रसाद विश्वविद्यालय, राजस्थान को 10-0 से पराजित किया। वहीं तीसरे मैच डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा से खेला गया। जिसमें 15-0 से जीत हासिल की। चौथे मैच शिक्षा विश्वविद्यालय उड़ीसा से हुआ। जिसमें 7-0 विजय प्राप्त की। टीम के इस प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा एवं कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि सॉफ्टबॉल पुरूष टीम सत्र 2021-22 में आल इंडिया सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चतुर्थ स्थान प्राप्त की थी। इस वर्ष टीम का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शास. पीजी महाविद्यालय, कवर्धा में आयोजित कराया गया था। जिसमें 6 खिलाड़ी कवर्धा पीजी. महाविद्यालय के शामिल है। सॉफ्टबॉल टीम की अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। सॉफ्टबॉल पुरूष टीम के मैनेजर टेकेश्वर प्रसाद व कोच भूपेन्द्र गरहे है।

- **विभिन्न राज्यों से कुल 90 टीमों ने लिया हिस्सा**

---

**बीएसपी, एआई इनोवेशन के लिए उत्पादकता उत्कृष्टता पुरस्कार-2024 से सम्मानित**

# प्रौद्योगिकी के माध्यम से आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में बीएसपी की महती भूमिका

**भिलाई।** सेल–बीएसपी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग प्रौद्योगिकियों के अभिनव उपयोग के लिए 'उत्पादकता उत्कृष्टता पुरस्कार-2024' से सम्मानित किया गया है। बुधवार को पाटिया, भुवनेश्वर में आयोजित उत्पादकता दिवस समारोह-2024 में बीएसपी से उप महाप्रबंधक मनीष कुमार तिवारी, और सहायक महाप्रबंधक सरोज कुमार की टीम ने प्लेटिनम श्रेणी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया। यह कार्यक्रम उड़ीसा राज्य उत्पादकता परिषद (ओएसपीसी) तथा राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) द्वारा आयोजित किया गया था। भारतीय उत्पादकता सप्ताह–2024 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में दी गई प्रस्तुति के आधार पर बीएसपी की टीम ने यह पुरस्कार जीता। ओडिशा राज्य उत्पादकता परिषद (ओएसपीसी) और राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) द्वारा 12 से 18 फरवरी के मध्य भारतीय उत्पादकता सप्ताह-2024 मनाया गया। जिसका विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रोडक्टिविटी इंजन फॉर इकोनॉमिक ग्रोथ' था।



### बीएसपी के प्रयासों को किया रेखांकित

प्रतियोगिता में बीएसपी टीम के मनीष कुमार तिवारी व सरोज कुमार द्वारा 'महामाया ब्लास्ट फर्नेस डिजिटल ट्विनः प्रोडक्टिविटी एनहेंसमेंट यूजिंग एआई-एमआई" विषय पर विगत दिनों केस स्टडी व ऑनलाइन प्रस्तुति दी गई थी। बीएसपी की टीम की प्रस्तुति व केस स्टडी ने लजिस्टिक्स संचालन को सुव्यवस्थित करने और दक्षता में सुधार करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) टेक्नोलॉजिस का उपयोग करने में बीएसपी के प्रयासों को रेखांकित किया। सेल–बीएसपी का लक्ष्य एआई और एमआई का उपयोग करके परिचालन दक्षता बढ़ाना, लागत कम करना तथा अपने प्रदर्शन और उत्पादन को सुदृढ़ करना है। उत्पादकता उत्कृष्टता पुरस्कार नवाचार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की महती भूमिका को प्रदर्शित करता है। ओडिशा राज्य उत्पादकता परिषद (ओएसपीसी) एक स्वायत्त, गैर–लाभकारी संस्थान है जो राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रलय, भारत सरकार से संबद्ध है।

### पिछले साल भी बनाए कई रिकार्ड

बीएसपी की कई उत्पादन इकाइयों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतिम महीने में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। कोक उत्पादन से लेकर सिंटर, एसएमएस-3 से कास्ट स्टील, रेल, स्ट्रक्चरल और कुल फिनिश्ड स्टील उत्पादन में माह मार्च 2023 में नए रिकॉर्ड बनाए गए। संयंत्र के कोक ओवन ने जनवरी 2023 दर्ज किए पिछले सर्वश्रेष्ठ 2,78,102 टन ड्राई ब्लास्ट फर्नेस कोक के उत्पादन को पीछे छोड़कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन करते हुए 2,78,296 टन का एक नया रिकॉर्ड बनाया। सिंटर प्लांट-3 ने मार्च 2023 में 5,38,095 टन सिंटर उत्पादन का मासिक रिकॉर्ड दर्ज करते हुए जनवरी 2023 में किए गए पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5,17,703 टन के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। मार्च 2023 में दर्ज कुल सिंटर उत्पादन 7,59,729 टन भी मार्च 2022 के पिछले सर्वश्रेष्ठ 7,59,643 टन की तुलना में अधिक रहा। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 ने मार्च 2023 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 3,12,032 टन कुल कास्ट स्टील उत्पादन दर्ज करते हुए जनवरी 2023 में दर्ज।

---

## मां की ममता...



**भिलाई।** ट्विनसिटी में तापमान निरंतर बढ़ रहा है। घर से निकलना अगर बेहद जरूरी हो तो धूप से बचने का इंतजाम करना पड़ता है। शहर के प्रतिष्ठित बाग में बुधवार को काफी चहलकदमी रही। मौसम के तीखे तेवर के बीच अपनी बच्चों के साथ पर्यटक पहुंचे। धूप से बचने महिलाओं ने कलरफूल छतरी का इस्तेमाल भी किया। *(फोटो संजय पांडेय)*

**जिला रेडक्रास सोसायटी की पहल**

# वृद्धाश्रम में सुविधाओं का जल्द होगा विस्तार, मिलेगी सुविधा



**दुर्ग।** जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में जल्द सुविधाओं का विस्तार होगा। इसे लेकर जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान ठाकुर ने जिले में शांतिपूर्ण मतदान के लिए बधाई देते हुए मतदान में हुए 2 प्रतिशत की वृद्धि पर कलेक्टर के कार्यों एवं भूमिका की सराहना की। साथ ही कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को जिला रेडक्रास सोसायटी के गतिविधियों के अलावा आगामी कार्यो के रुपरेखा से संबंधित प्रतिवेदन भी सौंपा गया। प्रतिवेदन में जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकताओं का खासकर उल्लेख किया गया है। जिसके अंतर्गत वृद्धाश्रम में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवाल निर्माण, पेयजल के लिए बोर खनन के अलावा बुजुर्गो के सुविधाओं से जुड़े कार्य शामिल है। कलेक्टर ने जिला रेडक्रास सोसायटी के गतिविधियों से जुड़े प्रतिवेदन पर खुशी जाहिर करते हुए वृद्धाश्रम में सुविधाओं का जल्द विस्तार किए जाने का जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर को भरोसा दिलाया है। मुलाकात के दौरान समाजसेवी त्रिपेश शर्मा भी मौजूद थे।

**जिला रेडक्रास सोसायटी ने कलेक्टर को सौंपा प्रतिवेदन**

---

**सामनेर–सामनेरी प्रवज्या संस्कार शिविर का समापन**

**कार्नर न्यूज**

**शिविर में 35 बालक-बालिकाओं ने लिया हिस्सा**

# प्रवज्या संस्कार शिविर में बच्चों को दी गई बौद्ध धर्म की शिक्षा, उत्साह संचार

**भिलाई।** दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग द्वारा डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर-6 भिलाई में आयोजित प्रवज्या संस्कार शिविर में 35 बालक-बालिकाओं ने भिक्खु डॉ. वेनरेबल शिलरत्न बोधि और भिक्खु बुद्घघोष बोधि के सान्निध्य में छः दिवसीय प्रशिक्षण लिया और सोमवार को पंच भिक्खु संघ की उपस्थिति में शिविर का समापन हुआ। भिक्खु शिलरत्न ने उपस्थित बौद्ध उपासक-उपासिकाओं को त्रिशरण पंचशील देकर समारोह का प्रारंभ किया। प्रवज्जित सामनेर-सामनेरी ने छः दिवसीय प्रशिक्षण में जो सीखा उसे अपने मनोगत में प्रस्तुत किए।



### बच्चों ने अपने अनुभव किए साझा

बच्चों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि हमने यहां आकर सीखा कि मानवतादी बुद्ध का धम्म सभी प्राणियों पर मैत्री करना सिखाता है। बच्चों ने सीखा संसार में चार प्रकार के मनुष्य होते है-एक वो जो अंधेरे से अंधेरे की ओर जाता है, दूसरा जो अंधेरे से उजाले की ओर जाता हैं। तीसरा वो जो उजाले से अंधेरे की ओर जाता हैं और चौथा वो जो उजाले से उजाले की ओर जाता हैं हमें चौथे प्रकार का मनुष्य बनना चाहिए अर्थात सर्वश्रेष्ठ इंसान बनें। बुद्ध का धम्म चार प्रकार के महापाप करने से बचने की शिक्षा देता है- माता की हत्या, पिता की हत्या, भिक्खु या गुरु की हत्या और संघ भेद करना। बच्चों ने बुद्धानुसती, धम्मानुसती और संघानुसती क्या होती है जाना।

इस अवसर पर भिक्खुओं ने गृहस्थों के जीवन में धम्म की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए आलस्य विहीन जीवन जीने और बच्चों को संघ को देकर दायाद बनने की प्रेरणा दी। शिविरार्थी बच्चों के अभिभावकों ने भी अपने छोटे-छोटे बच्चों को बुद्ध के चीवर में देखकर गर्व महसूस किया। आयुष्मान अरविंद चौधरी ने बुद्ध की शिक्षा और उपदेश जीवन में उतारने पर बल देते हुए प्रवज्या शिविर बारंबार होते रहने की इच्छा जाहिर की।

### छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजित

दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग की संस्थापक सविता बौद्ध संकल्पी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सामनेर-सामनेरी प्रवज्या संस्कार शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए आगामी सत्र में माता- पिता का सामनेर-सामनेरी प्रवज्या संस्कार शिविर आयोजित किया जाएगा। छः दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में व्यवस्था प्रमुख जयश्री बौद्ध ,सरोज बौद्ध,विजिया बौद्ध,अल्का बौद्ध रविंद्र लता गाडगे, वंदना शिवचरण पंतावने, सुदेश रामटेके, कमल मेश्राम, सविता मेश्राम, अरविंद चौधरी, अनिल जोग, भूपत बोरकर, सुनंदा गजभिए, मूलचंद आरती गड़पायले, सुभाष बांसोडकर, शालू दामले, पूनम, कुसुम, ज्योत्सना, किरण सुखदेवे, श्वेता संदीप, महेंद्र बौद्ध दुर्ग भिलाई ने तन-मन-धन से अपना विशेष योगदान दिया है। दुर्ग-भिलाई के आंबेडकरी अनुयाइयों ने इस पुनीत अवसर पर अर्थ दान करके प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी प्रबुद्धजनों को साधुवाद देती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीएसपी, महासमुंद, रायपुर और प्लेट कंबाइंड ने जीते अपने मैच



**रायपुर।** सीएससीएस द्वारा आयोजित अंडर-19 एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरे दिन रोमांचक खेल का प्रदर्शन खिलाड़ियों ने किया। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 10 टीम बीएसपी विरुद्ध सरगुजा परिणाम बीएसपी ने यह मैच 126 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किया बल्लेबाजी सरगुजा दूसरी पारी दो विकेट पर 45 रन से आगे खेलते हुए 138 रन बनाकर आउट हो गई।

आरडीसीए रायपुर टीम महासमुंद एवं कोरबा परिणाम महासमुंद ने यह मैच 141 रन से जीता एवं 6 अंक प्राप्त किया। बल्लेबाजी में महासमुंद की टीम दूसरी पारी अपनी कल के स्कोर एक विकेट पर 156 रन से आगे खेलते हुए 279 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें स्वयं पांडे ने 73 रन आदित्य सिंह ने 69 रन आदित्य कुमार ने 63 रन बनाए। गेंदबाजी में कोरबा के अनुज कुमार शर्मा ने 5 विकेट लिए। बल्लेबाजी में कोरबा की टीम दूसरी पारी में 100 रन पर आउट हुई। विशेष सिंह ने 26 रन बनाएं। गेंदबाजी में महासमुंद के जयप्रकाश पांडे ने पांच विकेट लिए।

न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर विरुद्ध कांकेर के बीच मैच हुआ। जिसमें परिणाम रायपुर ने यह मैच एक पारी एवं 88 रन से जीता एवं सात अंक प्राप्त किए। फॉलो ऑन खेलते हुए कांकेर की टीम अपनी दूसरी पारी में 103 रन बनाकर आउट हो गई। नितिन सिंह ने 36 रन बनाएं। गेंदबाजी में रायपुर के फैज खान ने 7 विकेट लिए।

राजहरा में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन एवं प्लेट कंबाइंड के बीच हुए मैच में प्लेट कंबाइंड ने यह मैच 10 विकेट से जीता एवं 7अंक प्राप्त किये। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड की टीम पहली पारी छह विकेट पर 138 रन से आगे खेलते हुए 170 रन बनाकर आउट हो गई। यश कुमार वारडाने 53 रन बनाएं गेंदबाजी बीसीए कुमार ईशान ने चार विकेट ईलेश कुशवाहा ने तीन विकेट लिए। में बल्लेबाजी में बीसीए की टीम दूसरी पारी में 103 रन पर आउट हुई। जिसमें ईशान राव ने 24 रन बनाएं। गेंदबाजी में प्लेट कंबाइंड के निखिल शर्मा ने 6 विकेट लिए। रुद्र प्रताप ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड की टीम ने दूसरी पारी 65 रन बिना किसी नुकसान के बनाए। जिसमें यश कुमार वरडा ने नॉट आउट 40 रन बनाएं।

### समर कैम्प में वॉलीबाल प्रशिक्षण ले रहे बच्चे



**रायपुर।** हटकेश्वर नाथ वॉलीबाल संघ रायपुर ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 अप्रैल से शुरू हुआ हो जो 31 मई तक किया जा रहा है। अभी तक प्रशिक्षण के लिए 50 बच्चे यहां पहुंच रहे हैं। गत वर्ष इसी ग्राउंड के माध्यम से केंद्रीय विद्यालय दो के 7 बच्चों का चयन केंद्रीय विद्यालय के राष्ट्रीय स्तर स्पर्धा के लिए हुआ था तथा इस वर्ष भी चयन संभावित है। प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर के रेफरी एवं कोच दुर्गा प्रसाद पटनायक एवं वरिष्ठ खिलाड़ी ओम बागी द्वारा दिया जा रहा है और अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कलेक्टर की अध्यक्षता में रेड क्रॉस भवन में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण से संबंधित बैठक आयोजित की गई जिसमें हटकेश्वर नाथ वालीबाल संघ के सचिव ने भाग लिए। उन्होंने 2 वर्ष के अंतर्गत गतिविधियों की पूरी जानकारी ब्रोशर के रूप में उपलब्ध कराया। यहां हो रहे है प्रशिक्षण की जानकारी पूर्व में संचालनालय खेल विभाग को भी दे दी गई है

### रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता 19 से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 19 मई को रायपुर जिला मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता पुरुष एकल (आयु वर्ग 40), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40) हेतु कुल मिलाकर 03 वर्गों में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 17.05.2024 (सायं 07.00 बजे तक) है। प्रतियोगिता में रायपुर जिला के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम सायं 6 से 8 बजे के मध्य सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी (मो. 99810-55577) एवं प्रवीण निरापुरे (मो. 98271-82959) के समक्ष लिखा सकते हैं उपरोक्त जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

---

### सेहत के लिए जरूरत से ज्यादा दवाओं पर निर्भरता घातक

# फिश ऑयल से विटामिन डी सप्लीमेंट तक अधिक सेवन हो सकता है खतरनाक

बैलेंस डाइट या खाने से विटामिन, मिनरल की कमी पूरी नहीं हो पाती तो सप्लीमेंट का सेवन किया जाता है। फिटनेस इंडस्ट्री में कई तरह के हेल्थ सप्लीमेंट आ रहे हैं। इनका प्रयोग दिन-पर-दिन बढ़ रहा है।

जब सप्लीमेंट की बात आती है, तो उनके बेनिफिट/स्वास्थ्य लाभ पर इतना प्रचार होता है कि कोई उनके साइड इफेक्ट की बात ही नहीं करता। उदाहरण के तौर पर बात करें तो आपने हमेशा व्हे प्रोटीन के फायदों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने अधिक व्हे प्रोटीन लेने के साइड इफेक्ट के बारे में सुना है?

शायद नहीं, या फिर 1-2 बार। लेकिन उस पर भी विश्वास नहीं किया होगा। लेकिन यह सही है कि किसी भी चीज का अधिक सेवन करने से उसके नुकसान भी होते हैं। उसी तरह वेटलॉस सप्लीमेंट हो या पुरुषों के लिए हर्बल सप्लीमेंट हो, हर हेल्थ सप्लीमेंट का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इसके साइड इफेक्ट भी होते हैं। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) किसी भी सप्लीमेंट की सेफ्टी और इफेक्टिवनेस के लिए उसकी सर्विंग के लिए जिम्मेदार नहीं होती है। इसके लिए मेकिंग कंपनी ही जिम्मेदार होती है कि उसका सप्लीमेंट पूरी तरह सही हो। ठीक से उपयोग किए जाने पर कुछ सप्लीमेंट फायदा पहुंचा सकते हैं। लेकिन कुछ सप्लीमेंट की गलत मात्रा शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है।



**विटामिन डी :** ह्यूमन बॉडी में 13 एसेंशियल विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन डी भी एक है। अक्सर जो लोग डेस्क जॉब करते हैं उनमें विटामिन-डी की कमी रहती है क्योंकि वे धूप में कम निकल पाते हैं। आपको यह जानकारी तो होगी ही कि विटामिन डी का मुख्य सोर्स सूर्य की रोशनी यानी धूप है।

विटामिन डी सप्लीमेंट दो रूपों में उपलब्ध होता है, विटामिन डी 2 (एर्गोकैल्सिफेरोल या प्री-विटामिन डी) और विटामिन डी 3 (कॉलेकैल्सिफेरॉल)।

विटामिन डी2 पौधों एवं कवक में पाया जाता है। वहीं विटामिन डी3 मनुष्यों और जानवरों में उत्पन्न होता है। हमारी बॉडी को भी विटामिन डी3 की जरूरत होती है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक जो लोग हल्की धूप में रहते हैं, उन्हें 400 आईयू प्रतिदिनविटामिन डी की आवश्यकता होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 600 से 800 आईयू के बीच विटामिन डी की मात्रा लेनी चाहिए। अगर आप बिल्कुल धूप में नहीं निकलते हैं तो यह मात्रा 1,000 IU तक पहुंच सकती है। हावर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 19 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए रोजाना रिकमेंडेड मात्रा पुरुषों और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 600 आईयू है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए रोजाना 800 आईयू विटामिन डी लेना बताया गया है। क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, विटामिन डी की अधिक खुराक लेना भी सही नहीं है। स्वस्थ लोगों में 100 नैनोग्राम प्रति मिलीलीटर (एनजी / एमएल) से अधिक विटामिन डी ब्लड लेवल अधिक कैल्शियम अब्जॉर्ब करने लगता है, जिससे मांसपेशियों में दर्द, मूड डिसऑर्डर, पेट दर्द, हड्डी कमजोर और किडनी स्टोन जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं।

**फिश ऑयल सप्लीमेंट :** ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर, मछली के तेल / फिश ऑयल को हार्ट डिजीज कम करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में 3 जनवरी, 2019 को पब्लिश हुई स्टडी के मुताबिक ओमेगा-3 फैटी एसिड की खुराक ने मध्यम आयु वर्ग, वृद्ध पुरुषों और महिलाओं में दिल के दौरे, स्ट्रोक या हार्ट डिजीज से होने वाली मौतों को कम करने में बिल्कुल योगदान नहीं दिया था। ओमेगा-3 की अधिक सर्विंग लेने से हाई ब्लड प्रेशर, नाक से ब्लीडिंग, उल्टी, स्ट्रोक, इम्सोमेनिया, विटामिन ए टॉक्सिसिटी आदि समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए सप्लीमेंट की अपेक्षा मछली, फ्लेक्सीड, प्लांट ऑयल, अखरोट, दूध, दही, सोया प्रोडक्ट आदि का सेवन करें। डब्ल्यूएचओ संयुक्त ईपीए और डीएचए के 200-500 mg फिश ऑयल के दैनिक सेवन को रिकमेंड करता है और कोई भी फिश ऑयल सप्लीमेंट की एक खुराक आपको 300 एमजी ईपीए और डीएचए देती है।






## दिल और दिमाग की सेहत एक दूसरे पर निर्भर, दोनों को स्वस्थ रखना है तो करें ये तीन काम

क्या आप जानते हैं कि आपके मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है? या यूं कहें कि एक दूसरे पर निर्भर है। यानी अगर दिल या दिमाग में से कोई भी अस्वस्थ है तो इसका दुष्प्रभाव दूसरे अंग पर देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन में पाया कि जिन लोगों का दिमाग स्वस्थ होता है उनमें हार्ट की समस्याओं के विकसित होने का खतरा कम होता है, वहीं जिन लोगों का हृदय स्वस्थ होता है उनमें डिमेंशिया-अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी गड़बड़ दिनचर्या और खान-पान की समस्या के कारण इन दोनों अंगों पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल, जंक-फास्ट फूड्स का अधिक सेवन और व्यायाम की कमी न सिर्फ आपमें हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है साथ ही इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। आइए दिल और दिमाग के इस कनेक्शन को समझने की कोशिश करते हैं।

### हार्ट और दिमाग का कनेक्शन

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि आप अपने हृदय को स्वस्थ रखकर, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के जोखिम को भी कम करते हैं। असल में हामारा हृदय, वाहिकाओं के माध्यम से मस्तिष्क सहित शरीर के हर हिस्से में रक्त पंप करता है। रक्त वाहिकाओं के क्षतिग्रस्त होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फिनलैंड के



शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वयस्कावस्था में जिन लोगों ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास किए उनमें आगे चलकर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया के विकसित होने का खतरा 40 फीसदी तक कम पाया गया।

आइए जानते हैं कि इन दोनों अंगों को स्वस्थ रखने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

### आहार का ध्यान रखना सबसे जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को स्वस्थ रखकर और दिल और दिमाग दोनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम कर सकते हैं। आहार में साबुत अनाज, नट्स, मौसमी फल और सब्जियां, दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों का नियमित रूप से सेवन करना आपकी रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और मस्तिष्क में होने वाली दिक्कतों को कम करने में लाभकारी हो सकती है। आहार को स्वस्थ रखकर आप दिल की बीमारियों के खतरे को 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं।

### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

नियमित व्यायाम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे हृदय और दिमाग में रक्त का प्रवाह बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम 150 मिनट का व्यायाम करने की सलाह देते हैं। व्यायाम करने से सेंडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण शरीर को होने वाली समस्याओं के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है।



## फेंगशुई में बुरी नज़र से बचाती है ईविल आई



फेंगशुई ईविल आई नकारात्मक ऊर्जाओं के खिलाफ एक बहुत मजबूत, पारंपरिक फेंगशुई रक्षात्मक उपकरण है। गोल घेरे के आकार में आंसू-बूंद के साथ एक इंद्रधनुषी नीला कांच का क्रिस्टल एक आंख जैसा पैटर्न बनाता है जो एक पारंपरिक फेंगशुई ईविल आई प्रोटेक्शन है. गोल रूप और नीला रंग विश्वास को दर्शाता है, जबकि मध्य में प्रतिनिधित्व, चाहे रंगीन या कांस्य में ढाला गया हो, एक पवित्रता, और सतर्कता को दर्शाता है।

इसका उपयोग व्यक्तिगत सुरक्षा, शिशुओं, पौधों और जानवरों, घर के बाहर या भीतर नकारात्मक ऊर्जा को दबाने के लिए किया जा सकता है। फेंग शुई ईविल आई न केवल नीले रंगों का एक आश्चर्यजनक संयोजन है जो ग्रीस में नीले और सफेद ऐतिहासिक संरचनाओं की प्राकृतिक सुंदरता में योगदान देता है, बल्कि यह ईविल आई प्रोटेक्शन के लिए एक फेंग शुई ताबीज भी माना गया है। ईविल आई का इस्तेमाल लोगों को बुरी नजर से बचाने के लिए किया जाता है। किंवदंती के अनुसार, यदि किसी को विरोधी या शत्रु द्वारा बुरी नजर दी जाती है, तो यह घातक हो सकता है या बड़ी परेशानी और दुख का कारण बन सकता है।

### घर के लिए ईविल आई प्रोटेक्शन

आप अपने घर की दीवारों को चमकीले पीले रंग से रंग कर खुद को और अपने घर को बुरी नजर से बचा सकते हैं, जो हानिकारक ऊर्जा को खत्म कर देता है। गहरे रंगों से बचना चाहिए।

### ईविल आई का उपयोग कैसे करें

आपके लिए एक बुरी नजर सुरक्षा घर होने के लिए, आपको नियमित रूप से आंतरिक स्थानों को साफ और अव्यवस्था मुक्त रखना चाहिए। जितना संभव हो उतना व्यवस्थित करें ताकि कमरे साफ-सुथरे और व्यवस्थित दिखें और आप महत्वपूर्ण वस्तुओं को जल्दी से ढूंढ सकें। इस तरह, आपके परिवार के सदस्य और यहां तक कि आपके पालतू जानवर भी स्वस्थ रहेंगे और उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा।

## कांसे के बर्तनों का करना चाहिए इस्तेमाल, इसके फायदे ही फायदे



कांसे का इस्तेमाल भरतीय घरों में सदियों से होता आया है। ये अंग्रेजी में बेल मेटल कहा जाता है और पीतल का एक मॉडिफाइड पॉर्म होता है। इसमें थोड़ा सा तांबा और टिन भी मिला होता है। कांसा एक ऐसा मेटल है जो बहुत ही आसानी से मिल जाता है, लेकिन इसकी लोकप्रियता इस बात से नहीं है कि ये आसानी से मिल जाता है बल्कि इस बात से है कि कांसा हमारे शरीर के लिए कितना महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कांसे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी शेयर की है और ये भी बताया है कि आखिर क्यों कांसा बहुत ही उपयोगी साबित हो सकता है। कांसे के बर्तन में पानी पीने से लेकर कांसे की थाली में खाना खाने तक क्यों ये सही हो सकता है। तो चलिए जानते हैं कि क्यों कांसा बहुत ही अच्छा साबित होगा। तो चलिए जानते हैं कांसे के फायदे... कैसे कांसा हो सकता है बेस्ट।

**कांसे के इस्तेमाल से तेज़ होता है दिमागः** आयुर्वेद में 'कांस्यम बुद्धीवर्धकम' कहा जाता है जिसका मतलब कै कि कांसे के इस्तेमाल से दिमाग तेज़ होता है। ऐसा माना जाता है कि कांसे का इस्तेमाल अगर खाने और पानी पीने के लिए रोज़ाना किया जाए तो ये हमारी इम्यूनिटी भी ठीक करता है क्योंकि कांसे से खाना प्यूरिफाई होता है।

### कांसे से गर्म रहता है खाना

कांसे के बर्तन लंबे समय तक गर्म रह सकते हैं। मेटल की प्रॉपर्टीज की बात करें तो ये हीट का अच्छा कंडक्टर है और इससे बहुत लंबे समय तक हीट रिटेन की जा सकती है। इससे खाना गर्म होता है और लंबे समय तक ये बर्तन खाने को एक जैसे तापमान पर बनाए रख सकता है।

### खत्म करते हैं जर्म्स

डॉक्टर दीक्षा के मुताबिक कांसा के बर्तनों में जर्मिसाइडल खूबियां होती हैं जो कांसे के प्रकार पर निर्भर करती हैं। ये खाने से संपर्क में आते ही कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक में ये खाने के बैक्टीरिया को मार सकता है।

---

कार्नर न्यूज

### 'रोजाना दूध पिया करो' जैसी बातें अब सब पर लागू नहीं होती

# आपको डेयरी प्रोडक्ट से एलर्जी तो नहीं, इन संकेतों से पहचानिए

कई लोग अपने डेली रूटीन में डेयरी प्रोडक्ट दूध,दही,पनीर,चीज आदि का यूज करते हैं, लेकिन कई लोग ऐसे भी हैं, जो डेयरी प्रोडक्ट्स का यूज तो करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें उससे एलर्जी हो जाती है, जिस कारण वो उसका सेवन नहीं कर पाते। एलर्जी होने पर कई लोगों को तो पता चल जाता है, जिस कारण वे उनका सेवन बंद कर देते हैं, लेकिन कई लोग ऐसे भी हैं जो इनकी एलर्जी को नहीं समझ पाते और उसका सेवन करते रहते हैं। फिर आखिर में उन्हें कोई गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए जरूरत है कुछ ऐसे संकेतों के बारे में जानने की जिससे पता चल सके कि आपको डेयरी प्रोडक्ट्स से एलर्जी तो नहीं। याद रखें, एलर्जी कोई इनटोलरेंस वाली चीज नहीं है। इससे आपका इम्युन सिस्टम भी कमजोर हो सकता है। एलर्जी में शरीर उन सब्सटेंस पर रिएक्शन देता है जो अधिकांश लोगों में समस्या का कारण नहीं बनते, लेकिन उन पर ध्यान देना जरूरी है।



यदि आप नहीं जान पा रहे हैं कि क्या आपको डेयरी प्रोडक्ट सूट करते हैं या नहीं, तो इन संकेतों को पढ़कर आप जान सकते हैं। यदि इनमें से कुछ भी संकेत आप फील करें तो जानने के बाद आप किसी डॉक्टर से जरूर सलाह लें। वह आपको समझने में मदद करेगा कि आपको क्या करना चाहिए।

**गले में सूजन :** जब आपका इम्युन सिस्टम कमजोर हो जाता है तो उस समय हिस्टामाइन नामक एक केमिकल का प्रोडक्शन होने लगता है। फिर अन्य रसायन, जैसे कि IgE एंटीबॉडी, भी रिलीज होने लगते हैं और ये आपके पूरे शरीर में सूजन का कारण बनते हैं। अक्सर, आपका गला सबसे पहले इसे महसूस करता है। कई लोगों के लिए, एक गले में सूजन खाने से संबंधित एलर्जी से भी होती है। यदि डेयरी का सेवन करने के बाद ऐसा होता है, तो जितनी जल्दी हो सके एलर्जी की दवा लें।

**खराश और खांसी:** गले में खराश और गला ड्राय होना, जिसके कारण खांसी हो सकती है। हो सकता है इस कारण आपको सांस लेने में भी मुश्किल हो। यदि आप भी ऐसा ही कुछ डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद अक्सर फील करते हैं, तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

**लाल निशान/दाने :** जब एलर्जी की प्रतिक्रिया की बात आती है, तो कुछ लोगों की स्किन में दाने पड़ने लगते हैं। इन गुलाबी निशान या दानों में जलन होती है और शरीर में फेस और गर्दन पर ये होने लगते हैं। यह एक एलर्जीन की प्रतिक्रिया में सूजन पैदा करने वाले इम्युन सिस्टम का एक और रिजल्ट होते हैं। यदि डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद ऐसी शिकायत होती हैं, तो उस जगह को पहले तो साबुन और पानी से साफ करने का प्रयास करें या फिर एलर्जी की दवाई भी ले सकते हैं। यदि फिर भी ठीक नहीं होते तो आप इसके लिए तुरंत किसी डर्मेटोलॉजिस्ट से मिलें।

**चेहरा लाल होना:** सूजन आने के कारण आपका चेहरा भी लाल हो जाता है। कभी-कभी गर्दन और छाती की स्किन भी लाल हो जाती है। यह आमतौर पर शरीर के टेम्प्रेचर बढ़ने के कारण होती है।यदि डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद आपके चेहरे की स्किन लाल हो जाती है कि तो निश्चित है कि आपको इनसे एलर्जी हो सकती है, क्योंकि सबकी बॉडी अलग-अलग तरीके से रिएक्ट करती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टिमोथी स्पाल की झोली में गिरा सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड



बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स का प्रसारण लंदन के स्थानीय समय के अनुसार शाम सात बजे से शुरू किया गया। इस साल इस शो की होस्टिंग रोमेश रंगनाथन और रॉब बेकेट ने की है। पूरी दुनिया में इस टीवी शो के दीवाने इस अवॉर्ड नाईट का इंतजार करते रहते हैं। बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स टेलीविजन की दुनिया के प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक पुरस्कार है। इस अवॉर्ड को पाना हर निर्देशक और आर्टिस्ट का सपना होता है। इस साल बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स को जीतने के लिए 'द क्राउन' का सीधा मुकाबला 'सक्सेशन' और 'ब्लैक मिरर' से हो रहा है। वहीं 'द क्राउन' का अंतिम सीजन 2024 के अंत में लॉन्च किया जाएगा। यह शो चार नामांकन के साथ आगे चल रहा है।

बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स का प्रसारण लंदन के स्थानीय समय के अनुसार शाम सात बजे से शुरू किया जाएगा। इस साल इस शो की होस्टिंग रोमेश रंगनाथन और रॉब बेकेट करने वाले हैं। वहीं इस शो को बीबीसी पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा इसकी स्ट्रीमिंग बीबीसी आईप्लेयर पर भी की जाएगी। अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में यह शो दोपहर दो बजे के बाद देखा जा सकता है।

बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स की होस्टिंग रोमेश रंगनाथन और रॉब बेकेट करेंगे। वहीं विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए 'बेबी रेनडियर' के निर्माता रिचर्ड गैड के अलावा जेफ गोल्डब्लम, मार्टिन फ्रीमैन और एडन टर्नर जैसे सितारे वहां उपस्थित रहने वाले हैं। वहीं अगर विजेताओं की बात करें तो अभी तक सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जैस्मीन जॉब्सन को 'टॉप बॉय' के लिए मिलने वाला है और मैथ्यू मैकफैडेन 'सक्शेसन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही साथ लीडिंग एक्ट्रेस की ट्रॉफी 'हैप्पी वैली' के लिए सारा लंकाशायर को मिला और लीडिंग एक्टर के लिए टिमोथी स्पाल को 'द सिक्स्थ कमांडमेंट' के लिए यह पुरस्कार मिला।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढ़ की पहली डांस फिल्म "नाचा" का मुहुर्त



**रायपुर।** रुद्रांश फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले छत्तीसगढ़ की पहली डांस फिल्म "नाचा" का निर्माण होने जा रहा है। यह फिल्म छत्तीसगढ़ी में होगी। फिल्म का मुहुर्त 12 मई को हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ के कई बड़े चेहरे शामिल हुए। इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक महेश चंद्राकर हैं। महेश बॉलीवुड में कोरियोग्राफी कर चुके हैं।'नाचा' में मुख्य भूमिका में प्रसिद्ध अभिनेत्री अनिकृति चौहान एवं महेश चंद्राकर में नजर आएंगे। विशेष आकर्षण डांस प्लस प्रो के विनर रितेश पॉल , सुपर डांसर के फर्स्ट रनर उप लक्ष्मण, ऋतिक, कल्प्रिता, लावण्या एवं लवनीत होंगे। अन्य प्रमुख कलाकार संजय महानंद, पुष्पेंद्र सिंह एवं अनुराधा दुबे होंगे। इस फिल्म में वेस्टर्न डांस के साथ छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यों का तड़का देखने मिलेगा। छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य पंथी, राउत नाचा, गेड़ी, सुआ इस फिल्म में नज़र आएंगे। इस फिल्म के एक्सिक्यूटिव प्रोडूसर यशिका वैष्णव, प्रोजेक्ट हेड पूरन किरी, एसोसियेट डायरेक्टर ज़ैदी इम्तियाज एवं क्रिएटिव हेड रोहित श्रीवास्तव हैं। छायांकन गौरव सदौरिया द्वारा किया जायेगा।

### भोजपुरी


## यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' के सेट से तस्वीरें हुईं वायरल



भोजपुरी सिनेमा इंडस्ट्री के यूनिक सुपरस्टार यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' के सेट से फोटोज खूब वायरल हो रही हैं। इसमें यश कुमार और सपना चौहान एक-दूसरे के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। इन वायरल तस्वीरों ने फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। बता दें कि इसकी शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। यश कुमार की भोजपुरी फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' का भव्य निर्माण तन्वी मल्टीमीडिया के बैनर से किया गया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दीपक शाह है। फिल्म की शूटिंग भव्यता के साथ हुई है। इसमें यश कुमार के साथ सपना चौहान की केमिस्ट्री शानदार होने वाली है, क्योंकि उन्होंने इस फिल्म में बेहतरीन काम किया है। इस बारे में यश कुमार ने कहा, 'सपना चौहान बेहद प्रतिभाशाली अदाकारा हैं। इस फिल्म में हमारी केमिस्ट्री लोगों को पसंद आएगी। यह पूरी फिल्म दर्शकों को खूब एंटरटेन करेगी। अभी हमने फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जल्द ही इसके पोस्ट प्रोडक्शन का काम शुरू हो जाएगा।' यश कुमार ने बताया कि फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' एक प्योर रोमांटिक फिल्म है और यह भोजपुरी सिनेमा की सबसे खूबसूरत फिल्मों में से एक होगी। उन्होंने कहा, 'यह मेरी फिल्मों की सेंचुरी है, इसलिए भी मेरे लिए खास है और मैं शुक्रगुजार हूं इस फिल्म के निर्माता का, जिन्होंने इस फिल्म को खास बनाने के लिए पूरे की जान लगा दिया है। इसके बाद हम सभी ने मिलकर फिल्म में अल्टीमेट काम करने की पूरी कोशिश की है, लेकिन फाइनल डिसीजन भोजपुरी सिने प्रेमियों को लेना है कि फिल्म उन्हें कैसी लगी।

लाइफ स्टाइल

## जेंडया का शानदार लुक






हॉलीवुड की मशहूर मॉडल और अभिनेत्री ज़ेंडया ने मेट गाला के सह-अध्यक्ष के रूप में अलग-अलग पोशाक के साथ प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया किया। ज़ेंडया का पहला लुक मेसन मार्जिएला के लिए जॉन गैलियानो द्वारा धातु के पक्षियों, पत्तियों और प्रकृति के अधिक संकेतों से परिपूर्ण एक जलपरी आकार वाली ऑर्गेना पोशाक थी। इस लुक को तैयार करने के लिए अभिनेत्री ने अपने लंबे समय के स्टाइलिस्ट लॉ रोच के साथ काम किया। ज़ेंडया की इस पहल को फैंस की खूब तारीफ मिली।

# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आईब्रो को घना

हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं।

वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा उपयोग

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं। और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी में करें स्टाइल, लगेंगी ब्यूटीफुल




पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।



### सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन

कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

### वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन

अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग प्रिंट मिल जाएंगे। जैसे-पैंथर प्रिंट, फ्लोरल प्रिंट, जिक जैक प्रिंट और पोल्का डॉट प्रिंट।

# इन घरेलू और आसान उपाय से चमक उठेंगे आपके बाल

खूबसूरत बाल पाने के लिए आजकल मार्केट में कई प्रोडक्ट्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन वे आपके लिए कितने असरदार है और कितने नुकसानदायक? इसका मालूम कर पाना जरा मुश्किल है। वहीं बदलते मौसम और सही पोषण न मिल पाने के कारण हमारे बालों की चमक धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती है। बता दें कि इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### बालों में दही लगाने के फायदे

दही रुसी की समस्या को कम करने में मदद करती है। ड्राईनेस को कम करने और बालों को पोषण देने में सहायता करती है। बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है।

### मेथी दाना को बालों में लगाने के फायदे

मेथी दाना बालों की ग्रोथ में मदद करता है। साथ ही पतले बालों को वॉल्यूम देने का भी काम करता है। इसके अलावा हेयर ग्रोथ में भी मेथी दाना बेहद फायदेमंद होता है।

### क्या करें?

बालों को घना बनाने के लिए सबसे पहले मेथी दाने को बारीक पीस लें और छान लें। मेथी दाने को छान लेने के बाद इसे करीब 1 से 2 घंटे तक भिगोकर रख दें। इसे सूखाने के बाद आप इसमें 3 से 4 चम्मच दही को मिलायें। इन दोनों चीजों को मिक्स करके बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगायें। बालों में करीब 1 घंटे तक इसे लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से बालों को धो लें। बालों को पानी की मदद से अच्छी तरह से धो लें।

# एक्ने से लेकर सूजन तक को कम करने में मदद करता है लौंग का पानी

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लौंग की चाय बेहद पसंद की जाती है। लौंग खाने से भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। क्या आप जानती हैं कि लौंग का पानी भी फायदेमंद होता है। लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है। इस विषय पर हमने शहनाज हुसैन से बात की है, उन्होंने हमें चेहरे पर लौंग का पानी लगाने के फायदे बताए हैं।



### क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है?

आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

### क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं?

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। लौंग बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे पिंपल्स नहीं होते हैं।

### क्या मैं रोज अपने चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हूं?

चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं। धूल के कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिससे चेहरे पर ब्लैक और व्हाइटहेड्स होने लगते हैं। लौंग के पानी से आप चेहरे को क्लींज कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## फेस्टिवल और शादियो के मौके पर साड़िया चुने सावधानी से

# फेस्टिवल पर दिखना है खूबसूरत तो इन साड़ी लुक्स को करें ट्राई

*फेस्टिवल सीजन में हर किसी की अपनी तैयारी होती है। किसी को अपने लिए कपड़े खरीदने होते हैं तो कोई अपने लिए ज्वेलरी की शॉपिंग कर रहा होता है। लेकिन सबसे ज्यादा कंफ्यूजन है साड़ी को लेकर। क्योंकि उनके अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाते हैं। जिन्हें आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदते हैं। ऐसे में आप मार्केट में नए आए साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही उन्हें रीक्रिएट भी कर सकती हैं।*



### हैवी वर्क साड़ी

अगर शादी के बाद ये आपके ससुराल में पहले त्योहार हैं तो ऐसे में आप हैवी वर्क वाली साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको सीक्वेंस वर्क, थ्रेड वर्क और स्टोन वर्क साड़ी खरीद सकती हैं। आप इन्हें डे में पहनेंगी या नाइट में उसके हिसाब से कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ आप लाइट इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।

### सिंपल साड़ी लुक

अगर आप सिंपल दिखना चाहती हैं तो इसके लिए आप शिल्पा शिंदे के इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें उन्होंने सिंपल साड़ी स्टाइल (सिंपल साड़ी स्टाइल करें) की है। जिसमें लाइट वर्क हो रखा है। आप भी इस तरीके की साड़ी को फेस्टिवल में स्टाइल कर सकती हैं। बस आपको इसके कलर को अपने हिसाब से चूज करना होगा।

इस तरीके की साड़ी के साथ आप हैवी वर्क साड़ी को वियर कर सकती हैं। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि लाइट वेट होने के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी होती है। इन साड़ी के साथ आप हैवी इयररिंग्स और कर्ल हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं।

### सिल्क साड़ी करें स्टाइल

कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जिन्हें सिल्क साड़ी पहनने का काफी शौक होता है। इसके लिए आप हैवी और सिंपल वर्क दोनों तरह की साड़ी (रेडिमेड साड़ी को स्टाइल करने का तरीका) को चूज कर सकती हैं। आप चाहे तो कॉम्बिनेशन करके ब्लाउज भी स्टाइल कर सकती हैं। खास बात ये है कि ये साड़ी सीधे और उल्टे दोनों पल्लू से पहनी जा सकती है। आप इसमें कलर अपनी पसंद के हिसाब से चूज कर सकती हैं। सिल्क की सिंपल साड़ी में भी दिखेंगी लाजवाब, फॉलो करें ये स्टाइल टिप्स इस तरीके की साड़ी के साथ आप ट्रेडिशनल ज्वेलरी को भी वियर कर सकती हैं। साड़ी के ऐसे और भी डिजाइन हैं जिन्हें ट्राई करके आप खूबसूरत लग सकती हैं।